वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2014 - 15

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

DEPOSIT INSURANCE AND
CREDIT GUARANTEE CORPORATION



निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION वार्षिक रिपोर्ट ANNUAL REPORT 2014-15

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

(भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व वाली सहयोगी)

निदेशक बोर्ड की 53वीं वार्षिक रिपोर्ट
31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए
तुलन पत्र और लेखे

मिशन

लघु जमाकर्ताओं का विशेष रूप से ध्यान रखते हुए निक्षेप बीमा के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली में जनता का विश्वास अर्जित करके वित्तीय स्थिरता में सहयोग देना।

विज़न

एक सक्षम और प्रभावी निक्षेप बीमा प्रदाता के रूप में पहचान बनाना जो पणधारकों की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील हो।

विषय सूची

		पृष्ठ संख्या
1.	प्रेषण पत्र	iv-v
2.	निदेशक बोर्ड	vi
3.	संगठन तालिका	vii
4.	निगम में संपर्क सूत्र	viii
5.	निगम के प्रमुख अधिकारी	ix
6.	संक्षेपाक्षर	x-xi
7.	विशेषताएं	xii-xiv
8.	निबीप्रगानि का विहंगावलोकन	1-5
9.	प्रबंध चर्चा और विश्लेषण	6-13
10.	निदेशकों की रिपोर्ट	14-24
11.	निदेशकों की रिपोर्ट के संबंध में संलग्नक	25-55
12.	लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट	57
13.	तुलन-पत्र और लेखे	58-71

निदेशक
Director

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
(भारतीय रिज़र्व बैंक की संपूर्ण स्वामित्ववाली सहयोगी)
DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION
(WHOLLY OWNED SUBSIDIARY OF THE RESERVE BANK OF INDIA)

निबीप्रगानि/सवि/1181/01.01.016/2015-16 25 जून 2015

प्रेषण पत्र

(भारतीय रिज़र्व बैंक को)

मुख्य महाप्रबंधक एवं सचिव
सचिव विभाग
भारतीय रिज़र्व बैंक
केंद्रीय कार्यालय
केंद्रीय कार्यालय भवन
शहीद भगत सिंह मार्ग
मुंबई - 400 001

महोदय,

31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए निगम के

तुलन-पत्र, लेखे तथा निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में निदेशक बोर्ड ने मुझे इस पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की एक-एक हस्ताक्षरित प्रतिलिपि भेजने का निदेश दिया है :

(i) 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट सहित निगम के तुलन-पत्र तथा लेखे, और

(ii) 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट।

2. निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के तहत अपेक्षित (i) और (ii) में उल्लिखित दस्तावेज भारत सरकार को प्रस्तुत कर दिए गए हैं।

3. निगम की वार्षिक रिपोर्ट की मुद्रित प्रतियाँ आपको यथासमय प्रेषित की जाएंगी।

भवदीय,

एम. रामय्या

(एम. रामय्या)
सचिव

अनुलग्नक : यथोक्त

निदेशक
Director

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
(भारतीय रिज़र्व बैंक की संपूर्ण स्वामित्ववाली सहयोगी)
DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION
(WHOLLY OWNED SUBSIDIARY OF THE RESERVE BANK OF INDIA)

निबीप्रगानि/सवि/1182 /01.01.016/2015-16 25 जून 2015

प्रेषण पत्र

(भारत सरकार को)

सचिव,
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवा विभाग
जीवनदीप भवन
संसद मार्ग
नई दिल्ली - 110 001

महोदय,

31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए निगम के
तुलन-पत्र, लेखे तथा निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में निदेशक बोर्ड ने मुझे इस पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की एक-एक हस्ताक्षरित प्रतिलिपि भेजने का निदेश दिया है :

(i) 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट सहित निगम के तुलन-पत्र तथा लेखे, और

(ii) 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट।

उनकी तीन अतिरिक्त प्रतियां भी इस पत्र के साथ भेजी जा रही हैं।

2. ऊपर उल्लिखित (i) और (ii) की सामग्री (अर्थात् तुलन-पत्र, लेखे और निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट) की प्रतियाँ भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की गई हैं।

3. कृपया हमें उक्त अधिनियम की धारा 32(2) के अंतर्गत संसद के प्रत्येक सदन (अर्थात् लोकसभा और राज्यसभा) में दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने की तारीख/तारीखें सूचित करें। निगम की वार्षिक रिपोर्ट की मुद्रित प्रतियाँ आपको यथासमय प्रेषित की जाएंगी।

भवदीय,

एम. रामय्या

(एम. रामय्या)
सचिव

अनुलग्नक : यथोक्त

प्रधान कार्यालय : भारतीय रिज़र्व बैंक भवन, दूसरी मंज़िल, (मुंबई सेन्ट्रल स्टेशन के सामने), भायखला, मुंबई - 400 008.

HEAD OFFICE : Reserve Bank of India Building, Second Floor, (opp. Mumbai Central Railway Station) Byculla, Mumbai - 400 008.
Phone : (022) 2301 9792 Fax: (022) 2301 5662, 2301 8165 E-mail: mramaiah@rbi.org.in, dicgc@rbi.org.in

निदेशक मंडल

अध्यक्ष

श्री आर. गांधी **उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (ए) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित (21.11.2014 से)

निदेशक

श्री जसबीर सिंह **कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (बी) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित (21.09.2012 से)
डॉ. शशांक सक्सेना **परामर्शदाता** **वित्त मंत्रालय** **वित्तीय सेवाएं विभाग** **भारत सरकार**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (सी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (12.06.2008 से)
डॉ. हर्ष कुमार भानवाला **अध्यक्ष,** **राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (डी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (12.06.2014 से)
श्री आर. रामचंद्रन	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (डी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (19.09.2014 से)
श्री एच.एन.प्रसाद	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (ई) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (07.01.2015 से)

संगठन तालिका



* 30 मई 2014 से

निगम में संपर्क सूत्र

फैक्स सं. **022 - 2301 5662**
022 - 2301 8165

टेलीफोन संख्या

022-2308 4121	सामान्य
022-2306 2161	प्रीमियम
022-2302 1143	दावे
022-2306 2163	आरएमसी
022-2301 9792	आरटीआई
022-2301 9570	ग्राहक सेवा कक्ष

प्रधान कार्यालय

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

भारतीय रिज़र्व बैंक,
दूसरी मंज़िल, मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के सामने,
भायखला, मुंबई - 400 008.
भारत

(i)	कार्यपालक निदेशक	022-2301 9460
(ii)	परामर्शदाता	022-2302 1624
(iii)	मुख्य वित्तीय अधिकारी	022-2301 9603
(iv)	महाप्रबंधक	022-2301 9645
(v)	महाप्रबंधक	022-2301 8840
(vi)	महाप्रबंधक	022-2301 9570
(vii)	उप महाप्रबंधक	022-2302 1150
(viii)	उप महाप्रबंधक	022-2302 1146
(ix)	उप महाप्रबंधक	022-2302 1149
(x)	निदेशक	022-2301 9792

ईमेल : dicgc@rbi.org.in
वेबसाईट : www.dicgc.org.in

निगम के प्रमुख अधिकारी

कार्यपालक निदेशक
श्री जसबीर सिंह

परामर्शदाता
श्रीमती जया मोहंती

मुख्य वित्तीय अधिकारी
श्री संजोय सेठी*

महाप्रबंधक
श्रीमती मोलिना चौधरी
श्री. बी. के. पाण्डा
श्री द्विजराज सेठी

सचिव और निदेशक
श्री एम. रामय्या

उप महाप्रबंधक
श्री एम. कृपानन्दम
श्रीमती रिटा सरकार मोरिया
सुश्री लता राधाकृष्णन

मुख्य जन सूचना अधिकारी
श्री एम. रामय्या

बैंकर
भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई

कर परामर्शदाता
मेसर्स सारडा एंड पारीक
सनदी लेखाकार
महावीर अपार्टमेंट,
तीसरी मंजिल, 598
एम.जी.रोड
सनसिटी सिनेमा के पास
विले पार्ले (पूर्व)
मुंबई - 400 057

सेवा कर परामर्शदाता
श्री एस.एस. गुप्ता
सनदी लेखाकार
1009- 1015, दसवीं मंजिल
टोपीवाला सेन्टर,
टोपीवाला थिएटर कम्पाउंड
रेल्वे स्टेशन के पास,
गोरेगांव (पश्चिम)
मुंबई - 400 104

लेखा परीक्षक
मेसर्स रे एंड रे
सनदी लेखाकार
305, ईस्टर्न कोर्ट
'सी' विंग, तेजपाल रोड,
विले पार्ले (पूर्व)
मुंबई - 400 057

बीमांकक
मेसर्स के.ए. पंडित
परामर्शदाता और बीमांकक
दूसरी मंज़िल,
चर्चगेट हाउस,
वीर नरीमन रोड,
फोर्ट, मुंबई - 400 001

* 30 मई, 2014 से

संक्षेपाक्षर

एपीआरसी	:	एशिया पैसिफिक रीजनल कमेटी
एएस	:	लेखांकन मानक
बीओई	:	बैंक ऑफ इंग्लैंड
बी.आर.एक्ट	:	बैंककारी विनियमन अधिनियम
सीए	:	सनदी लेखाकर
सीईएसटीएटी	:	सीमाशुल्क उत्पाद और सेवाकर अपीलीय न्यायाधिकरण
सीजीसीआई	:	क्रेडिट गारंटी कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि.
सीजीएफ	:	ऋण गारंटी निधि
सीजीओ	:	ऋण गारंटी संगठन
सीएसएए	:	नियंत्रण स्वमूल्यांकन लेखापरीक्षा
डीसीसीबी	:	जिला केंद्रीय सहकारी बैंक
डीईएएफ	:	जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि
डीआईसी	:	निक्षेप बीमा निगम
डीआईसीजीसी	:	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
डीआईएफ	:	निक्षेप बीमा निधि
ईओआई	:	अभिरूचि की अभिव्यक्ति
ईयू	:	यूरोपीय संघ
एफडीआईसी	:	फेडरल निक्षेप बीमा निगम
एफआईएमएमडीए	:	भारतीय निर्धारित आय मुद्रा बाजार तथा व्युत्पन्न (डेरीवेटिव्स) संघ
एफआरए	:	वित्तीय समाधान प्राधिकरण
एफएसबी	:	वित्तीय स्थिरता बोर्ड
एफएसडीसी	:	वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद
एफएसएलआरसी	:	वित्तीय क्षेत्र विधायी सुधार आयोग
जीएफ	:	सामान्य निधि
जीओआई	:	भारत सरकार
आईएडीआई	:	जमा बीमाकर्ताओं का अंतरराष्ट्रीय संघ
आईसीएआई	:	भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान
आईएफआर	:	निवेश उतार-चढ़ाव आरक्षित निधि
आईआर	:	निवेश आरक्षित निधि
आईटी	:	सूचना प्रौद्योगिकी

एलएबी	:	स्थानीय क्षेत्र बैंक
एलटीयू	:	बड़े आयकरदाता इकाई
एनईएफटी	:	राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक निधि अंतरण
पीसीए	:	त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई
आरबीआई	:	भारतीय रिज़र्व बैंक
आरबीआईए	:	जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा
आरसी		समाधान निगम
आरसीएस	:	सहकारी समितियों के पंजीयक
आरएफपी	:	प्रस्ताव का अनुरोध
आरआर	:	आरक्षित अनुपात
आरआरबी	:	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
एससी	:	अनुसूचित जाति
एसएलजीएस	:	लघु ऋण गारंटी योजना
एसएल- (एसएसआई) -जीएस	:	लघु ऋण (लघु उद्योग) गारंटी योजना
एसटी	:	अनुसूचित जनजाति
एसटीसीबी	:	राज्य सहकारी बैंक
टीएएफसीयूबी	:	शहरी सहकारी बैंकों के लिए कार्यबल
यूसीबी	:	शहरी सहकारी बैंक
यूटी	:	केंद्रशासित प्रदेश

विशेषताएं - I : निक्षेप बीमा एक नज़र में

(₹ बिलियन में)

वर्ष के अंत में$	1962	1972	1982	1992-93	1996-97	1997-98	1998-99	1999-00	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15
1 पूँजी*	0.01	0.02	0.15	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50
2 निक्षेप बीमा																							
(i) निक्षेप बीमा निधि**	0.01	0.25	1.54	3.12	2.99	20.22	31.07	33.10	37.06	42.50	55.14	59.08	78.18	91.03	109.79	133.62	161.55	201.52	247.04	300.93	361.20	406.18	504.53
(ii) बीमाकृत बैंक (संख्या में)	276	476	1683	1931	2296	2438	2583	2676	2728	2715	2629	2595	2547	2531	2392	2356	2307	2249	2217	2199	2167	2145	2129
(iii) निर्धारणीय जमाराशियाँ @	18.95	74.58	423.60	2443.75	4506.74	4923.80	6099.62	7040.68	8062.60	9687.52	12131.63	13182.68	16198.15	17909.19	23443.51	29847.99	33985.65	45879.67	49524.27	57674.00	66210.60	76166.40	84751.54
(iv) बीमाकृत जमाराशियाँ @	4.48	46.56	317.74	1645.27	3376.71	3705.31	4396.09	4985.58	5724.34	6740.51	8288.85	8709.40	9913.65	10529.88	13725.97	18050.81	19089.51	16823.97	17358.00	19043.00	21583.65	23791.52	26067.96
(v) कुल खातों की संख्या (मिलियन में)	7.7	34.1	159.8	354.3	435.1	410.9	464.2	441.7	446.2	481.7	600.2	544.0	649.5	537.3	716.9	1038.9	1348.9	1423.9	1051.6	1073.0	1481.75	1370.13	1456.36
(vi) पूर्णत: संरक्षित खाते (मिलियन में)	6.0	32.8	158.1	339.5	427.3	371.3	454.4	430.2	432.5	464.5	578.2	518.9	619.5	505.5	682.9	961.7	1204.0	1266.9	976.9	996.0	1393.08	1267.17	1345.09
(vii) योजना के प्रारंभ से प्रदत्त दावे_	–	0.01	0.03	1.78	1.94	1.96	2.09	2.25	2.62	6.77	8.63	10.44	14.85	20.50	25.94	27.55	29.84	36.38	40.17	43.05	45.05	46.08	49.29

* निगम की सामान्य निधि के तहत है।

** बीमांकिक और अधिशेष दोनों राशियाँ शामिल हैं।

@ 2009-10 से नए रिपोर्टिंग फार्मेट के अनुसार आँकड़े दिए गए हैं।

$ 1992-93 से मार्च अंत तक

विशेषताएं - II : ऋण गारंटी एक नज़र में

(₹ बिलियन में)

वर्ष के अंत में$	1962	1972	1982	1992-93	1995-96	1996-97	1997-98	1998-99	1999-00	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15
ऋण गारंटी																								
(i) ऋण गारंटी निधि*	–	–	0.89	9.07	17.75	29.26	6.79	7.58	11.88	11.33	12.62	13.93	15.11	2.50	3.45	3.49	3.67	3.85	2.98	3.10	3.00	3.25	3.53	3.86
(ii) गारंटीकृत अग्रिम																								
क) छोटे उधारकर्ता	–	2.08	48.40	263.48	172.61	39.39	32.41	2.78	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न
ख) लघु उद्योग	–	–	38.22	155.03	112.71	33.76	28.13	0.39	0.05	0.01	0.01	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न
(iii) प्राप्त दावे (वर्ष के लिए)																								
क) छोटे उधारकर्ता	–	–	0.25	8.83	18.41	18.42	1.84	2.18	2.19	0.22	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ख) लघु उद्योग	–	–	0.30	2.60	5.24	2.70	1.20	0.34	0.26	0.14	0.01	0.00	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(iv) निपटाए गए दावे (वर्ष के दौरान)																								
क) छोटे उधारकर्ता	–	–	0.15	5.66	10.31	4.03	4.01	11.88	11.95	1.71	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ख) लघु उद्योग	–	–	0.27	2.43	3.08	2.91	2.21	2.25	1.39	0.54	0.05	0.01	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–

* बीमांकिक और अधिशेष दोनों शामिल हैं।

$ 1992-93 से मार्च अंत तक

ला.न. : योजनाओं के अंतर्गत एक भी ऋण संस्था सहभागी न होने के कारण लागू नहीं।

परिचालनगत विशेषताएं - III : निक्षेप बीमा

(₹ बिलियन में)

विवरण		2014-15	2013-14	2012-13	2011-12	2010-11	2009-10
राजस्व विवरण							
प्रीमियम आय		82.29	73.12	57.18	56.40	48.44	41.55
निवेश आय		40.32	33.90	27.68	23.53	18.01	15.13
निवल दावे		(0.34)	(0.93)	4.20	3.57	1.71	4.07
कर पूर्व राजस्व अधिशेष		146.89	91.52	86.27	60.01	61.45	37.53
करोत्तर राजस्व अधिशेष		96.96	60.72	58.27	40.54	41.32	28.93
तुलन पत्र							
निधि शेष (बीमांकिक)		52.07	50.68	52.65	47.68	37.74	32.75
निधि अधिशेष		452.46	355.49	308.55	253.25	209.30	168.77
दावे संबंधी बकाया देयताएं		3.14	3.92	9.05	6.89	6.03	7.64
निष्पादन मैट्रिक्स							
1.	दावों की प्राप्ति और दावों के निपटान के बीच औसत दिन @	25	15	27	52	49	54
2.	बैंक का पंजीकरण रद्द करने और दावों (प्रथम दावा) के निपटान के बीच औसत दिनों की संख्या @	4,856	678	410	533	388	361
3.	कुल कारोबार (प्रीमियम आय) के प्रतिशत के रूप में परिचालनगत लागत	0.24	0.22	0.25	0.27	0.35	0.26
	(इसमें से: कुल प्रीमियम आय की तुलना में कर्मचारी लागत का प्रतिशत)	(0.12)	(0.12)	(0.13)	(0.14)	(0.15)	(0.14)

@ मामले से संबंधित राशि की स्वीकृति की तुलना में दिनों की संख्या के आधार पर औसत दिनों की वास्तविक संख्या निकाली गई है।

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम का विहंगावलोकन

(1) परिचय

निबीप्रगानि के कार्य 'निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961' (निबीप्रगानि अधिनियम) और उक्त अधिनियम की धारा 50 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए रिज़र्व बैंक द्वारा तैयार किए गए 'निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम सामान्य विनियमावली, 1961' के प्रावधानों के जरिए नियंत्रित है। चूँकि कोई भी ऋण संस्था निगम द्वारा संचालित किसी भी ऋण गारंटी योजना में भाग नहीं ले रही है, अत: निगम ऐसी किसी योजना का संचालन नहीं कर रहा है और निक्षेप बीमा ही इसका प्रधान कार्य है।

(2) इतिहास

बंगाल में बैंकिंग संकट उत्पन्न होने के उपरांत वर्ष 1948 में पहली बार जमाराशियों का बीमा करने का विचार बैंक के सामने आया। इसके एक वर्ष बाद 1949 में यह मामला पुन: विचार हेतु प्रस्तुत हुआ। परंतु रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों के निरीक्षण की पर्याप्त व्यवस्था किए जाने तक इस मामले को रोके रखा गया। तदुपरांत वर्ष 1950 में ग्रामीण बैंकिंग जाँच समिति ने इस धारणा का समर्थन किया। वर्ष 1960 में पलाइ सेंट्रल बैंक लि. तथा लक्ष्मी बैंक लि. के विफल होने के उपरांत रिज़र्व बैंक तथा केंद्र सरकार द्वारा जमाराशियों की बीमा के संबंध में गंभीर विचार प्रस्तुत किए। 21 अगस्त, 1961 को संसद में निक्षेप बीमा निगम (डीआईसी) बिल लाया गया। संसद द्वारा इसके पारित होने के उपरांत 7 दिसंबर, 1961 को इस बिल को राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त हुई और निक्षेप बीमा अधिनियम 1961 दिनांक 1 जनवरी, 1962 से प्रभावी हुआ।

प्रारंभ में, निक्षेप बीमा योजना कार्यरत सभी वाणिज्यिक बैंकों पर लागू की गयी। इसके अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक तथा इसकी सहायक संस्थाएं तथा वाणिज्यिक बैंक तथा भारत में परिचालित विदेशी बैंकों की शाखाएं शामिल थीं।

निक्षेप बीमा निगम (संशोधन) अधिनियम, 1968 अधिनियमित किए जाने के बाद निक्षेप बीमा का विस्तार सहकारी बैंकों तक भी किया गया और निगम से यह अपेक्षा की गई कि वह निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 13ए के प्रावधानों के अंतर्गत ''पात्र सहकारी बैंकों'' का बीमाकृत बैंकों के रूप में पंजीकरण करे।

रिज़र्व बैंक से परामर्श करके भारत सरकार ने जुलाई 1960 में ऋण गारंटी योजना प्रारंभ की। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 17 (11ए)(ए) के अंतर्गत केंद्र सरकार के एजेंट के रूप में रिज़र्व बैंक को इस योजना के प्रशासन का कार्य सौंपा गया और इसे ऋण गारंटी संस्थान (सीजीओ) का नाम दिया गया जिसे बैंकों और अन्य ऋण संस्थाओं द्वारा लघु उद्योगों को स्वीकृत किए गए अग्रिमों के लिए गारंटी प्रदान करना था। रिज़र्व बैंक ने इस योजना को 31 मार्च 1981 तक परिचालित किया।

रिज़र्व बैंक ने 14 जनवरी 1971 को एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी को प्रोन्नत किया जिसका नाम क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन आफ इंडिया लि. (सीजीसीआई) था। क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन आफ इंडिया लि. द्वारा प्रारंभ की गई ऋण गारंटी योजना का उद्देश्य अबतक उपेक्षित विशेष रूप से गैर-औद्योगिक गतिविधियों में लगे समाज के कमजोर वर्ग की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ऋण संस्थाओं द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा परिभाषित प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के अंतर्गत सम्मिलित छोटे और जरूरतमंद उधारकर्ताओं को स्वीकृत किए गए ऋणों और अग्रिमों के लिए गारंटी कवर उपलब्ध कराने के माध्यम से वाणिज्यिक बैंकों को प्रोत्साहित करना था।

निक्षेप बीमा और ऋण गारंटी के कार्यों को एकीकृत करने के उद्देश्य से दोनों संस्थाओं जैसे : निक्षेप बीमा निगम और क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन आफ इंडिया (सीजीसीआई) को मिला दिया गया और इस प्रकार 15 जुलाई 1978 को निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अस्तित्व में आया। निक्षेप बीमा अधिनियम, 1961 को पूर्ण रूप से संशोधित किया गया और पुन: इसे 'निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961' का नाम दिया गया।

भारत सरकार की ऋण गारंटी योजना के निरस्त हो जाने के बाद 1 अप्रैल 1981 से निगम ने छोटे लघु उद्योगों को स्वीकृत

ऋण के लिए भी गारंटी सहायता प्रदान करना प्रारंभ किया। 1 अप्रैल 1989 से पूरे प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्रों के अग्रिमों तक गारंटी कवर का विस्तार किया गया।

(3) संस्थागत कवरेज

(i) भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों की शाखाओं सहित सभी **वाणिज्य बैंक**, स्थानीय क्षेत्र बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक निक्षेप बीमा योजना के अंतर्गत शामिल हैं।

(ii) निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 2(जीजी) में यथापरिभाषित सभी पात्र **सहकारी बैंकों** को निक्षेप बीमा योजना के द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाती है। राज्यों / संघ शासित क्षेत्रों में कार्य कर रहे सभी राज्य, केंद्रीय और प्राथमिक सहकारी बैंक, जिन्होंने निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की अपेक्षानुसार रिज़र्व बैंक को यह अधिकार देने के लिए अपने सहकारी समिति अधिनियम को संशोधित किया है कि वह राज्यों / संघ शासित क्षेत्रों की समितियों के रजिस्ट्रार को आदेश दे सके कि किसी सहकारी बैंक का समापन कर दे अथवा इसके प्रबंध समिति को अधिक्रमित करे और रजिस्ट्रार से अपेक्षित कर सके कि वह रिज़र्व बैंक से लिखित पूर्व स्वीकृति के बिना किसी सहकारी बैंक के समापन, समामेलन या पुन:निर्माण के लिए कोई कार्रवाई न करें, पात्र सहकारी बैंक समझे जाते हैं। वर्तमान में सभी सहकारी बैंक इस योजना में शामिल हैं। संघशासित क्षेत्र लक्षद्वीप तथा दादरा एवं नगर हवेली में कोई भी सहकारी बैंक नहीं है।

(4) बैंकों का पंजीकरण

(i) निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 11 के अंतर्गत सभी नए वाणिज्य बैंकों से अपेक्षित है कि वे बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 के अंतर्गत रिज़र्व बैंक द्वारा लाइसेंस जारी करने के तुरंत बाद निगम में पंजीकरण कराएं। निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 11ए के अंतर्गत सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से अपेक्षित है कि वे अपनी स्थापना की तारीख से 30 दिनों के अंदर निगम में पंजीकरण कराएं।

(ii) एक नए पात्र सहकारी बैंक से अपेक्षित है कि वह रिज़र्व बैंक द्वारा लाइसेंस जारी करने के तुरंत बाद निगम में पंजीकरण कराए।

(iii) जब किसी प्राथमिक सहकारी समिति की स्वाधिकृत निधियाँ ₹1 लाख हो जाएं तो बैंकिंग कारोबार करने हेतु उसे प्राथमिक सहकारी बैंक के रूप में लाइसेंस के लिए रिज़र्व बैंक में आवेदन करना होगा और लाइसेंस के लिए आवेदन की गई तारीख से 3 महीनों के अंदर निगम में पंजीकरण कराना होगा।

(iv) निक्षेप बीमा निगम (संशोधन) अधिनियम, 1968 के लागू होने के बाद सहकारी बैंक के रूप में कारोबार कर रहे किसी अन्य सहकारी समिति के विभाजन अथवा बैंकिंग विधि (सहकारी समितियों पर प्रयोज्य) अधिनियम, 1965 के प्रारंभ के समय से या इसके बाद से बैंकिंग कारोबार करनेवाले दो या अधिक सहकारी समितियों के समामेलन से अस्तित्व में आए सहकारी बैंक को लाइसेंस के लिए आवेदन की गई तारीख से तीन महीनों के अंदर पंजीकरण कराना है। तथापि, ऐसे किसी सहकारी बैंक का पंजीकरण नहीं किया जाएगा जिसके संबंध में रिज़र्व बैंक द्वारा लिखित रूप में यह सूचित किया गया हो कि उसे लाइसेंस नहीं दिया जा सकता है।

निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 14 के अनुसार निगम द्वारा किसी बैंक का बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकरण करने के बाद उससे अपेक्षित है कि वह 30 दिनों के अंदर लिखित रूप में बैंक को सूचित करे कि उसे बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकृत किया गया है। सूचना पत्र में पंजीकरण सूचना और पंजीकरण संख्या के अलावा बैंक द्वारा अनुपालन की जाने वाली अपेक्षाओं के ब्यौरे अर्थात्, निगम को देय प्रीमियम दर, प्रीमियम अदा करने की पद्धति और निगम को प्रस्तुत की जाने वाली विवरणियों के ब्यौरे आदि शामिल होने चाहिए।

(5) बीमा कवरेज

निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 16(1) के मूल प्रावधानों के अंतर्गत बीमा सुरक्षा प्रति जमाकर्ता उसके द्वारा बैंक की सभी शाखाओं में रखी गई जमाराशि को मिलाकर 'समान क्षमता और समान अधिकार' में मूलत: ₹1500/- तक सीमित रखी गई थी। तथापि, अधिनियम निगम को यह भी अधिकार देता है कि वह केंद्र

सरकार के पूर्वानुमोदन से इस सीमा को बढ़ा सकता है। तदनुसार, बीमा सीमा को समय-समय पर निम्नानुसार बढ़ाया गया है :

प्रभावी तिथि	बीमा सीमा ₹
1 मई 1993	1,00,000/-
1 जुलाई 1980	30,000/-
1 जनवरी 1976	20,000/-
1 अप्रैल 1970	10,000/-
1 जनवरी 1968	5,000/-

(6) सुरक्षा प्रदत्त जमाराशियों के प्रकार

निबीप्रगानि (i) विदेशी सरकारों की जमाराशियाँ; (ii) केंद्र / राज्य सरकारों की जमाराशियाँ; (iii) राज्य सहकारी बैंकों में रखी गई राज्य भूमि विकास बैंकों की जमाराशियाँ; (iv) अंतर बैंक जमाराशियाँ; (v) भारत के बाहर प्राप्त जमाराशि तथा (vi) रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन से निगम द्वारा विशेष रूप से छूट प्राप्त किसी राशि को छोड़कर बचत, मीयादी, चालू, आवर्ती आदि जैसी सभी बैंक जमाराशियों का बीमा करता है।

(7) बीमा प्रीमियम

निक्षेप बीमा प्रणाली के संचालन हेतु निगम बीमाकृत बैंकों से बीमा प्रीमियम एकत्रित करता है। बीमाकृत बैंकों द्वारा अदा किए जाने वाले बीमा प्रीमियम का परिकलन निर्धारणीय जमाराशियों के आधार पर किया जाता है। बीमाकृत बैंक निगम को अग्रिम प्रीमियम अर्ध-वार्षिक(छमाही) आधार पर पिछले अर्ध-वर्ष(छमाही) के अंत की जमाराशियों की स्थिति के अनुसार प्रत्येक वित्तीय छमाही के प्रारंभ से दो महीनों के भीतर भुगतान करते हैं। बीमित बैंकों द्वारा निगम को प्रदत्त प्रीमियम के संबंध में बैंकों से अपेक्षित है कि इसे वे स्वयं वहन करें न कि जमाकर्ताओं पर डालें। प्रीमियम भुगतान में विलंब के लिए बीमाकृत बैंक संबंधित छमाही से भुगतान की तारीख तक चूक की राशि पर बैंक दर से 8 प्रतिशत अधिक की दर पर ब्याज का भुगतान करने के लिए बाध्य है।

₹ 100 की प्रत्येक जमाराशि पर प्रीमियम की दर

तारीख से	प्रीमियम (₹ में)
1-04-2005	0.10
1-04-2004	0.08
1-07-1993	0.05
1-10-1971	0.04
1-01-1962	0.05

(8) पंजीकरण रद्द करना

निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 15ए के अंतर्गत निगम को लगातार तीन छमाहियों के लिए प्रीमियम अदा न करने वाले बीमाकृत बैंकों का पंजीकरण रद्द करने का अधिकार है। तथापि, यदि विपंजीकृत बैंक द्वारा इस हेतु अनुरोध किया जाता है और वह चूक की तारीख से प्रीमियम के रूप में देय संपूर्ण राशि ब्याज सहित अदा कर देता है तो निगम द्वारा उसका पंजीकरण फिर से चालू किया जा सकता है परंतु शर्त यह है कि वह बैंक अन्यथा रूप से बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकरण हेतु पात्र हो।

किसी बीमाकृत बैंक का पंजीकरण निम्न परिस्थितियों में रद्द किया जा सकता है:- नई जमाराशियाँ स्वीकार करने से उसे प्रतिबंधित किया गया हो; अथवा रिज़र्व बैंक द्वारा इसका लाइसेंस रद्द अथवा लाइसेंस देने के लिए मना कर दिया गया हो; अथवा स्वैच्छिक रूप से अथवा अनिवार्यत: उसका समापन कर दिया गया हो अथवा बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 36ए(2) के अर्थों में अब वह बैंकिंग कंपनी या सहकारी बैंक नहीं रह गया हो; अथवा इसने अपनी सारी जमा देयताओं को किसी अन्य संस्था को अंतरित कर दिया हो; अथवा इसे किसी अन्य बैंक के साथ समामेलित कर दिया गया हो अथवा किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा कोई समझौता, व्यवस्था या पुनर्निर्माण योजना स्वीकृत की गई हो और यह योजना नई जमाराशियाँ स्वीकार करने की अनुमति न देती हो। किसी सहकारी बैंक के संबंध में यदि उसने पात्र सहकारी बैंक के रूप में कार्य करना बंद कर दिया हो तो इसका पंजीकरण रद्द भी हो सकता है।

प्रीमियम भुगतान करने में हुई चूक को छोड़कर अन्य कारण से किसी बैंक का पंजीकरण रद्द किए जाने की स्थिति में रद्द करने की तारीख तक बैंक की जमाराशियों को बीमा सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

(9) बीमाकृत बैंकों का पर्यवेक्षण और निरीक्षण

निगम को किसी बीमाकृत बैंक के अभिलेखों को आसानी से प्राप्त करने और इनकी प्रतिलिपियाँ माँगने का अधिकार है। निगम के अनुरोध पर रिज़र्व बैंक से अपेक्षित है कि वह किसी बीमाकृत बैंक का निरीक्षण/जाँच पड़ताल करे/करवाए।

(10) दावों का निपटान

(i) किसी बीमाकृत बैंक के समापन या परिसमापन की स्थिति में पंजीकरण रद्द करने की तारीख (अर्थात् लाइसेंस रद्द

करने अथवा समापन या परिसमापन की तारीख) तक बैंक के प्रत्येक जमाकर्ता द्वारा उसकी सभी शाखाओं में रखी गई जमाराशियों को मिलाकर उसकी समान क्षमता और समान अधिकार में रखी राशि में से उसके द्वारा देय राशि, यदि कोई हो, के समंजन के अधीन [निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 16(1) के साथ पठित 16(3)] भुगतान हेतु पात्र होंगे। तथापि, प्रत्येक जमाकर्ता को भुगतान समय-समय पर निर्धारित बीमा-कवर की सीमा के अधीन किया जाएगा।

(ii) जब किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी बैंक के लिए समझौता या व्यवस्था या पुनर्निमाण या समामेलन की योजना स्वीकृत की जाती है और इस योजना में इसके लागू होने की तारीख तक पूरी जमाराशि के क्रेडिट के लिए जमाकर्ता पात्र नहीं होते हैं तो निगम पूरी जमाराशि अथवा उस समय लागू बीमा कवर की सीमा में, इसमें से जो भी कम हो और योजना के अंतर्गत वास्तव में उसे प्राप्त होने वाली राशि के बीच के अंतर की राशि अदा करता है। इन मामलों में भी, उस बैंक की सभी शाखाओं में समान क्षमता और समान अधिकार में जमाकर्ताओं की सभी जमाराशियों के संबंध में जमाकर्ताओं को देय राशि का निर्धारण बैंक को उनके द्वारा देय राशि, यदि कोई हो, के समंजन के अधीन [निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 16 (2) और (3)] निर्धारित किया जाता है।

(iii) निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम की धारा 17(1) के प्रावधानों के अंतर्गत किसी बीमाकृत बैंक जिसका समापन हो चुका हो या वह परिसमापनाधीन है, तो उसके परिसमापक द्वारा निबीप्रगानि द्वारा यथानिर्दिष्ट पद्धति में प्रत्येक जमाकर्ता की जमाराशि और समंजन-राशि को अलग-अलग दर्शाने वाली सूची इसकी यथार्थता प्रमाणित करते हुए परिसमापक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के तीन महीनों के भीतर निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम को प्रस्तुत की जानी है। (विशिष्ट दावा निपटान प्रक्रिया चार्ट 1 में दी गई है)

(iv) ऐसे बैंक के संबंध में जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा समामेलन/पुनर्निर्माण आदि जैसी कोई योजना स्वीकृत की गई है, इसी प्रकार की सूची संबंधित अंतरिती बैंक या बीमाकृत बैंक, जैसी भी स्थिति हो, के मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा समामेलन/पुनर्निर्माण आदि जैसी योजना के लागू होने की तारीख निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 18(1).से तीन महीनों के अंदर प्रस्तुत की जानी है।

(v) निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम से अपेक्षित है कि वह अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत प्रत्येक जमाकर्ता के संबंध में देय राशि का भुगतान, ऐसी सूची जो निगम द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप हो और सभी प्रकार से पूर्ण / सही हो, के प्राप्त करने के दो महीनों के अंदर करे। निगम ऐसी सूची का प्रमाणीकरण ऑन-साइट सत्यापन करने वाले सनदी लेखाकारों के फर्म से करवाता है।

(vi) सामान्यत: निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम जमाकर्ताओं के मध्य संवितरित करने के लिए पात्र राशि का भुगतान अंतरिती / बीमाकृत बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी / परिसमापक को करता है। तथापि, अनट्रेसेबल जमाकर्ताओं को देय राशि, इसके संबंध में परिसमापक / मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा सभी अपेक्षित ब्यौरे निगम को प्रस्तुत करने तक, रोक कर रखी जाएगी।

(11) निपटाए गए दावों की वसूली

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम सामान्य विनियमावली के विनियम 22 के साथ पठित निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 21(2) के अनुसार, परिसमापक या बीमाकृत बैंक या अंतरिती बैंक, जैसा भी मामला हो, से अपेक्षित है कि वे विफल बैंकों की आस्तियों से वसूली गई राशि में से व्ययों के लिए प्रावधान करने के उपरांत हाथ में उपलब्ध अन्य राशि में से निबीप्रगानि को चुकौती करें।

(12) निधि, लेखे और कराधान

निगम तीन विभिन्न निधियाँ रखता है : अर्थात् (i) जमा बीमा निधि (डीआईएफ); (ii) ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ); (iii) सामान्य निधि (जीएफ)। पहले दो निधियों का निर्माण क्रमश: बीमा प्रीमियम और गारंटी शुल्क के संचयन से किया जाता है और संबंधित दावों के निपटान हेतु इसका उपयोग किया जाता है। निगम की प्राधिकृत पूँजी ₹500 मिलियन है, जो पूर्णत: रिज़र्व बैंक द्वारा अभिदत्त है। सामान्य निधि का उपयोग निगम के स्थापना और प्रशासनिक व्यय को पूरा करने के लिए किया जाता है। सभी तीनों निधियों की

चार्ट 1 : भारत में सहकारी बैंकों के संबंध में दावों के निपटान की विशिष्ट प्रक्रिया



1. रिज़र्व बैंक किसी बैंक लाइसेंस रद्द करता है / लाइसेंस अस्वीकार कर देता हे और संबंधित सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार (आरसीएस) को परिसमापन की सिफारिश करता है और निबीप्रगानि को इसकी सूचना देता है।
2. आरसीएस परिसमापित बैंक के लिए एक परिसमापक नियुक्त करता है तथा निबीप्रगानि को सूचित करता है।
3. निबीप्रगानि बीमाकृत बैंक का पंजीकरण रद्द करता है और तीन महीनों के अंदर दावा सूची प्रस्तुत करने हेतु परिसमापक को दिशानिर्देश जारी करता है और रि. जर्व बैंक से दावा सूची का आनसाइट सत्यापन करने के लिए बाह्य लेखापरीक्षक (सनदी लेखाकार) नियुक्त करने का अनुरोध करता है।
4. रिज़र्व बैंक सनदी लेखाकार की नियुक्ति करता है और निबीप्रगानि दावा सूची की जॉच करने के लिए सनदी लेखाकार हेतु संक्षिप्त विवरण और ओरिएंटेशन सत्र आयोजित करता है।
5. परिसमापक जमाकर्ताओं को भुगतान करने हेतु दावा सूची प्रस्तुत करता है (साफ्ट और हार्ड कापी दोनों रूप में)।
6. आनसाइट लेखापरीक्षक (सनदी लेखाकार) दावा सूची संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।
7. कंप्यूटर के माध्यम से दावा सूची का संसाधन किया जाता है और भुगतान सूची तैयार की जाती है।
8. समेकित भुगतान परिसमापक को जारी किया जाता है और अपूर्ण / संदिग्ध दावों के संबंध में जानकारी मांगी जाती है। निगम की वेबसाइट के जरिए दावा राशि जारी करने की घोषणा की जाती है।
9. परिसमापक जमाकर्ताओं को भुगतान राशि जारी करता है।

अधिशेष राशि को केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश किया जाता है। अधिनियम के अंतर्गत अंतर-निधि अंतरण हेतु अनुमति प्राप्त है।

प्रतिवर्ष 31 मार्च को निगम के बही-खाते बंद किए जाते हैं। निगम के कार्यों की लेखापरीक्षा रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन से निदेशक मंडल द्वारा नियुक्त लेखापरीक्षकों द्वारा की जाती है। लेखापरीक्षित लेखों के साथ लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट और निगम की कार्य पद्धति संबंधी रिपोर्ट लेखाबंदी के तीन महीनों के अंदर रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की जाती है। इन प्रलेखों की प्रतिलिपियाँ केंद्र सरकार को भेजी जाती हैं, जिन्हें संसद के प्रत्येक सदन में रखा जाता है। सामान्यत: निगम व्यापारिक (मर्केण्टाइल) लेखांकन प्रणाली का उपयोग करता है और 1987 से देयताओं के लिए बीमांकिक मूल्यांकन प्रणाली को अपनाया गया है।

निगम वित्तीय वर्ष 1987-88 से आयकर का भुगतान कर रहा है। आयकर अधिनियम, 1961 मे यथापरिभाषित किए गए अनुसार आयकर के संबंध में निगम का मूल्यांकन 'कंपनी' के अंतर्गत किया जाता है। इसके साथ ही निगम ने सेवाकर संबंधी पंजीकरण करा लिया है और 1 अक्तूबर 2011 से प्रीमयम आय पर उपचित सेवाकर अदा कर रहा है।

प्रबंधकीय चर्चा और विश्लेषण

एक निक्षेप बीमा प्रणाली का परिचालन: नैतिक खतरा, विभेदक प्रीमियम प्रणाली और निधियन

प्रस्तावना

बैंक उधारकर्ता को निधि उपलब्ध कराने के प्रयोजन से जनता से जमाराशियाँ स्वीकार करने के द्वारा एक वित्तीय बिचौलिये का काम करती हैं। बैंक बचतकर्ताओं को अपनी अधिशेष आय को भविष्य के लिए अंतरित करने और उधारकर्ता को अपनी भविष्य में अर्जित होने वाली आय को वर्तमान में प्रयोग करने में सहायता प्रदान करती हैं। उक्त बचतकर्ता और उधारकर्ता बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से वास्तविक क्षेत्र के आर्थिक एजेंट बनते हैं और इसीलिए वे एक अर्थव्यवस्था की कार्यप्रणाली, विकास और वृद्धि में एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं। तथापि, एक उधारकर्ता लिए गए ऋणों की चुकौती करने में अपनी अक्षमता के कारण अथवा इरादतन ऋण न चुकाने के कारण ऋणदाता बैंक के लिए जोखिम का एक स्त्रोत भी बन जाता है। इस जोखिम का प्रभाव बचतकर्ता पर भी पड़ता है। बैंकिंग प्रणाली की गतिविधियों को संचालित करने और उस पर निगरानी रखने के लिए तथा एक हद तक जोखिम को कम करने के लिए हाल में कुछ समय से बैंकिंग प्रणाली के विनियमन और पर्यवेक्षण के लिए एक व्यापक प्रणाली विकसित की गई है। जमाकर्ताओं को जोखिम से बचाने के लिए विनियमन और पर्यवेक्षण पहले कदम के रूप में कार्य करते हैं। बचतकर्ताओं, खासकर छोटी जमापूंजी वाले बचतकर्ताओं का जोखिम कम करने के संदर्भ में अधिकतर अधिकार क्षेत्रों में निक्षेप बीमा प्रणालियाँ (डीआईएस) विनियमन और पर्यवेक्षण का अनुपूरक बनते हैं; इन सब को मिलाकर एक वित्तीय प्रणाली सुरक्षा कवच का महत्त्वपूर्ण घटक बन जाती है।

निक्षेप बीमा और नैतिक खतरा

1. निक्षेप बीमा मुख्यत: एक बीमा उत्पाद है। किसी भी बीमा उत्पाद की विशेषता के रूप में निक्षेप बीमा भी एक नैतिक खतरे का स्त्रोत है। देम्बे और बोडेन द्वारा किए गए अनुसंधान के अनुसार ''नैतिक खतरा'' शब्द की परिभाषा की शुरुआत 17वीं शताब्दी से हुई थी और 19 वीं शताब्दी के अंत तक इसका प्रयोग इंगलिश बीमा कंपनियों द्वारा व्यापक रूप से किया जाने लगा था। नैतिक खतरा एक ऐसी स्थिति है जिसमें एक पक्ष जोखिम भरे कार्य में यह जानते हुए शामिल होता है कि जोखिम आने पर भी वह सुरक्षित रहेगा क्योंकि इसकी लागत की भरपाई अन्य पक्ष द्वारा की जानी है। पॉल क्रुगमैन ने नैतिक खतरे का वर्णन इस प्रकार किया है - ''ऐसी कोई स्थिति जिसमें एक व्यक्ति कितनी हद तक जोखिम उठाता है इसका निर्णय लेता है जबकि यदि स्थिति बिगड़ जाती है तो उसकी लागत की भरपाई अन्य कोई व्यक्ति द्वारा की जाएगी।'' निक्षेप बीमा के संदर्भ में नैतिक खतरे का वर्णन ऐसी स्थिति से किया गया है जहां बीमाकृत बैंकों को अधिक जोखिम स्वीकार करने का प्रोत्साहन प्राप्त होता है जबकि जमाकर्ता जिन बैंकों में वह जमाराशियाँ धारित करता है उन बैंकों की अपनी जोखिम की निगरानी कम कर देता है - यह मानते हुए कि सामान्यत: निक्षेपी संस्था को विफल होने नहीं दिया जाएगा। दोनों यह मानते हैं कि अत्यधिक जोखिम से उभरी लागत की भरपाई निक्षेप बीमा प्रणाली (डीआईएस) अथवा राजकोष (एक्सचेकर) द्वारा की जाएगी।

2. इन समस्याओं के बावजूद निक्षेप बीमा उपलब्ध कराने में भलाई है क्योंकि यह जमाकर्ताओं का बैंकिंग प्रणाली में विश्वास बनाए रखती है, बैंकिंग प्रणाली को अपने मध्यस्थता के कार्यों को चलाने में सहायता प्रदान करती है और इसके फलस्वरूप वित्तीय स्थिरता और समृद्धि में योगदान देती है। निक्षेप बीमा डेटाबेस (2014) विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक निधि (आईएमएफ़) पेपर के अनुसार 31 दिसंबर 2013 की स्थिति के अनुसार सूची में दर्शाए गए 190 राष्ट्रों में से 112 राष्ट्रों में स्पष्ट निक्षेप बीमा प्रणालियाँ थीं; उनमें 14 देशों में स्पष्ट निक्षेप बीमा वर्ष 2008 से ही लागू थी। अत: अधिक से अधिक अधिकार क्षेत्रों में निक्षेप बीमा प्रणालियों का गठन जारी है, इसमें चीन नवीनतम सदस्य है।

3. अत: निक्षेप बीमा के महत्व को पहचानते हुए यह आवश्यक है कि नैतिक खतरे की समस्या को सुलझाया जाए। जमा बीमाकर्ताओं का अंतर्राष्ट्रीय संघ (आईएडीआई) ने वर्ष 2002

में अपनी शुरुआत से नैतिक खतरे के विषय पर उल्लेखनीय कार्य किया है। ''प्रभावी निक्षेप बीमा प्रणालियों के लिए विशिष्ट मार्गदर्शन : नैतिक खतरे को कम करना'' विषयक पेपर में आईएडीआई ने उल्लेख किया है कि जमाकर्ताओं द्वारा निक्षेपी संस्थाओं की गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए बाजार अनुशासन की ओर ध्यान देना नैतिक खतरे को कम करने का एक उत्तम उपाय है और यह मुख्यत: बड़े जमाकर्ताओं द्वारा किया जाएगा क्योंकि छोटे जमाकर्ताओं के पास न तो निक्षेपी संसथाओं में जोखिम भाँपने के लिए बाजार सूचना हेतु आवश्यक विशेषज्ञता होती है और न ही उस प्रकार की पहुँच। इसीलिए आईएडीआई ने जमाकर्ताओं द्वारा बाज़ार अनुशासन के अनुपालन के लिए एक महत्वपूर्ण अनुपूरक के रूप में विनियामक अनुशासन और विवेकपूर्ण पर्यवेक्षण की पहचान की है। प्रभावी निक्षेप बीमा प्रणालियों (2014) के लिए आईएडीआई के मूल सिद्धान्त यह दर्शाते हैं कि एक सुदृढ़ सुरक्षा कवच वित्तीय प्रणाली की स्थिरता में योगदान देती है; तथापि यदि रूपरेखा कमजोर है तो जोखिम बढ़ जाएगा और नैतिक खतरा उत्पन्न होगा। अत: निक्षेप बीमा की रूपरेखा ऐसी होनी चाहिए कि वह शेयरधारकों, बैंक प्रबंधकों और जमाकर्ताओं के व्यवहार को जान सके ताकि उन्हें नैतिक खतरे के प्रभाव से बचाया जा सके। मूल सिद्धान्त यह सुझाव देते हैं कि नैतिक खतरे को कम करने की दृष्टि से मूल रूपरेखा की विशेषताओं में (ए) निक्षेप बीमा का एक सीमित स्तर और दायरा (अधिकांश जमाकर्ताओं के लिए बीमा सुरक्षा रखी जाए किन्तु जमाराशियों की एक अच्छी मात्रा बाज़ार अनुशासन हेतु रखी जाए), (बी) विभेदक प्रीमियम (बीमाकृत बैंक के जोखिम प्रोफाइल से जोड़ा जाए) और (सी) जमा बीमाकर्ताओं और अन्य सुरक्षा नेट के सहभागियों अर्थात पर्यवेक्षकों और विनियामकों द्वारा समस्या वाली बैंक का समय पर हस्तक्षेप करना और समाधान करना उपलब्ध होना चाहिए। वित्तीय प्रणाली सुरक्षा नेट को भी नैतिक खतरे को कम करने के लिए विभिन्न उपायों जैसे (ए) अच्छे कॉर्पोरेट शासन को बढ़ावा देना, (बी) प्रत्येक बैंक में सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन, (सी) हानियों के लिए उत्तरदायी पक्षों को उनकी गलती के लिए जवाबदेह ठहराना, (डी) प्रभावी बाज़ार अनुशासन, (ई) मज़बूत विवेकपूर्ण विनियमन और पर्यवेक्षण, और (एफ़) समाधान और उससे संबंधित कानून एवं नियम के माध्यम से नैतिक खतरे को कम करने के लिए उचित प्रोत्साहन का समर्थन करना चाहिए।

विभेदक - प्रीमियम के माध्यम से नैतिक खतरे का हल

4. सदस्य वित्तीय संस्थाओं से प्रीमियम एकत्र कर रहे निक्षेप बीमाकर्ता व्यावहारिक रूप से एक-समान प्रीमियम दर अपनाने का चयन करते हैं अथवा प्रत्येक बैंक के जोखिम प्रोफाइल के आधार पर विभेदक प्रीमियम का चयन करते हैं। हालांकि एक-समान प्रीमियम दर प्रणाली का यह लाभ है कि वह समझने और लागू करने में अपेक्षाकृत आसान है किन्तु वह बैंक द्वारा निक्षेप बीमा प्रणाली के समक्ष जोखिम के स्तर को ध्यान में नहीं लेती है। इसीलिए उसे अनुचित मान सकते हैं क्योंकि बैंकों की जोखिम प्रोफाइल को ध्यान में लिए बगैर सभी बैंकों पर एक-समान प्रीमियम दर लागू किया जाता है (आईएडीआई, 2011)। नैतिक खतरे के संदर्भ में विभेदक प्रीमियम दर प्रणाली (डीपीएस) का अपनाया जाना एक महत्त्वपूर्ण घटक है। एक बैंक की जोखिम प्रोफाइल पर आधारित एक प्रीमियम प्रणाली बाज़ार अनुशासन ला सकती है और एक उच्च जोखिम वाली बैंक को अपनी जोखिम प्रोफाइल को सुधारने के लिए एक प्रोत्साहन उपलब्ध करा सकती है और इस तरह उसका निम्न प्रीमियम वाली श्रेणी में उन्नयन कर सकती है।

5. जोखिम आधारित प्रीमियम संबंधी लाभ को ध्यान में रखते हुए वर्ष 1993 में अमरीका से शुरुआत करते हुए कई देशों ने अपने अधिकार क्षेत्रों में एक-समान प्रीमियम के स्थान पर जोखिम आधारित प्रीमियम को अपनाया है। वर्तमान में छब्बीस देशों द्वारा जोखिम आधारित प्रीमियम को अपनाए जाने का अनुमान है। तथापि एक-समान दर प्रीमियम जो अपेक्षाकृत लागू करने में आसान है उससे भिन्न जोखिम आधारित प्रीमियम को विकसित करने में निक्षेप बीमा के मूल्य निर्धारण की उचित पद्धति को तैयार करने की दृष्टि से कई चुनौतियाँ हैं।

जोखिम आधारित प्रीमियम का मापन

6. निक्षेप बीमा के मूल्य निर्धारण पर उपलब्ध साहित्य जोखिम आधारित प्रीमियम के निर्धारण के लिए मुख्य तौर पर दो विभिन्न दृष्टिकोण अर्थात मूल्य निर्धारण विकल्प मॉडल और अपेक्षित हानि मूल्य निर्धारण पद्धति की पहचान करता है। मूल्य निर्धारण विकल्प सिद्धांत का प्रयोग कंपनी द्वारा चूक की लाभप्रदता का अनुमान लगाने के लिए किया जाता है। अपेक्षित हानि मूल्य निर्धारण दृष्टिकोण एक बैंक की अपेक्षित चूक की संभावना पर केन्द्रित है जिसका अनुमान

मूल सिद्धान्त, दर निर्धारण अथवा बाज़ार विश्लेषण के प्रयोग से किया जा सकता है। निक्षेप बीमा मूल्य निर्धारण पद्धति का मूल पहलू बैंक की आस्तियों के मूल्य के जोखिम का अनुमान लगाना है। बैंक जोखिम का अनुमान लगाने और निक्षेप बीमा प्रीमियम का निर्धारण करने के लिए कई अधिकार क्षेत्रों में विनियामकों द्वारा सीएएमईएल (पूंजी पर्याप्तता, आस्ति गुणवत्ता, प्रबंधन, अर्जन और चलनिधि) संकेतकों के साथ-साथ गुणात्मक संकेतकों का मिला-जुला प्रयोग किया जाता है।

मूल्य निर्धारण विकल्प मॉडल

7. ब्लैक -स्कौल्स (1973) के मूल्य निर्धारण विकल्प मॉडल के सिद्धान्त का प्रयोग मेरटन (1977) ने एक कंपनी द्वारा चूक की संभावना का अनुमान लगाने के लिए किया। एक कंपनी की चूक प्रक्रिया का निर्धारण उसकी आस्तियों के मूल्य और चूक के जोखिम से किया जाता है जो उस कंपनी की आस्तियों के मूल्य में उतारा-चढ़ाव का एक विशिष्ट कार्य है। मूल्य निर्धारण विकल्प दृष्टिकोण के अंतर्गत निक्षेप बीमा को निक्षेप बीमा करार और बैंक की आस्तियों के मूल्य को जोड़ते हुए बैंक की आस्तियों पर पुट ऑप्शन (विक्रय विकल्प) के रूप में लिया जाता है। मेरटन ने कंपनी ऋण को बैंक जमाराशियों के प्रतिनिधि के रूप में लिया और निक्षेप बीमा को जमाराशियों पर तीसरे पक्ष की गारंटी के रूप में माना, जहां गारंटी की भरपाई की बाध्यता के बारे में कोई अनिश्चितता नहीं थी। मेरटन ने दर्शाया कि इस गारंटी के लिए बैंक की अदायगी का ढांचा उसी तरह था जैसाकि बैंक की आस्तियों के मूल्य पर पुट ऑप्शन का जो बैंक के बीमाकृत जमाराशियों पर लागू मूल्य के समान था।

8. गारंटी देने वाले की लागत को मापने के लिए मेरटन (1977) ने पुट ऑप्शन और निक्षेप बीमा गारंटी के बीच एक समरूपता का प्रस्ताव रखा और उसके बाद निक्षेप बीमा का उचित मूल्य प्राप्त करने के लिए ब्लैक स्कौल्स फोर्मूला का प्रयोग किया। समरूपता दर्शाने का कारण यह था कि अवधि के अंत में यदि बैंक दिवालिया हो जाती है तो बीमाकर्ता को देयताएँ पूरी करने के लिए निधियों का प्रयोग करना पड़ता है।

9. मेरटन के कार्य के बाद निक्षेप बीमा के जोखिम के मूल्य निर्धारण के मापन संबंधी पहलू में सुधार के लिए कई अध्ययन शुरू हुए। मेरटन (1977) का प्रमुख उद्देश्य यह प्रमाण देना था कि क्या निक्षेप बीमा प्रीमियम का उचित आकलन किया गया है। मारकस और शाकेड (1984) ने दर्शाया कि अमरीका में लागू निक्षेप बीमा एफ़डीआईसी की लागत को लागू करने के बाद भी अत्यधिक था। तथापि, रॉन और वर्मा (1986) ने दावा किया कि निक्षेप बीमा कम मूल्य का था। इसका मुख्य कारण था कि मारकस और शाकेड (1984) ने विनियामक की सहनशीलता नीति को नज़रअंदाज़ किया गया था। पीन्नाच्ची (1987) यह तर्क देते हैं कि क्या निक्षेप बीमा कम या अधिक लागू किया गया है, इसका प्रमाण बीमाकर्ता का बैंकिंग उद्योग पर प्रभाव का स्तर (डिग्री) पर निर्भर होता है।

10. इन मूल्य निर्धारण विकल्प मॉडलों का अति महत्वपूर्ण दोष है कई ऋण संस्थाओं के पास बाज़ार सूचना का अभाव जो वास्तव में इन मॉडल को लागू करने में कठिनाई पैदा करते हैं। (पिलार गोमेज - फर्नांडिस - अगूआडो, 2014)

अपेक्षित हानि का मूल्य निर्धारण

11. ''अपेक्षित हानि का मूल्य निर्धारण'' निक्षेप बीमा मूल्य निर्धारण का और एक तरीका है। एक बैंक के अपेक्षित चूक की संभावना पर आधारित ऋण जोखिम मॉडल में आधारभूत अथवा बाज़ार विश्लेषण से अनुमान लगाया जा सकता है। सुविकसित पूंजी बाज़ारों वाले देश में निक्षेप बीमा के मॉडल के प्रयोग को पसंद करते हैं। अपेक्षित हानि के मूल्य निर्धारण के सिद्धान्त को निम्नलिखित फॉर्मूला से लागू किया जा सकता है :

*अपेक्षित हानि : अपेक्षित चूक संभावना * एक्सपोज़र * हानियुक्त चूक*

12. अपेक्षित हानि निक्षेप बीमाकर्ता को हानि की मात्रा बीमाकृत जमाराशियों के प्रतिशत के रूप में प्रस्तुत करता है और निक्षेप बीमा की लागत का मूल्य निर्धारण करता है। अत: उसे हानि रहित करने के लिए निक्षेप बीमाकर्ता को चाहिए कि वह अपेक्षित हानि की कीमत के बराबर प्रति बीमाकृत जमाराशि प्रीमियम निर्धारित करना चाहिए। अपेक्षित चूक संभावना का अर्थ है अपेक्षित संभावना कि बैंक अपने ऋण में चूक करेगा और उसका अनुमान मूलभूत विश्लेषण, बाज़ार विश्लेषण अथवा दर निर्धारण विश्लेषण का प्रयोग करते हुए चूक के आंकड़ों के इतिहास (जहां उपलब्ध हो) के आधार पर लगाया जा सकता है। मूलभूत विश्लेषण सीएएमईएल दर निर्धारण के प्रयोग पर निर्भर है। बाज़ार विश्लेषण अंतर-बैंक

जमाराशियाँ, सहायक ऋण और डिबेंचरों जैसे गैर-बीमाकृत बैंक ऋण पर ब्याज दरों और प्रतिलाभ का प्रयोग करती है। दर निर्धारण विश्लेषण दर निर्धारण एजेंसियों के ऋण दर का प्रयोग करती हैं। उदाहरण के लिए 1934-2001 की अवधि के लिए अमरीका में बैंक चूक पर ऐतिहासिक आंकड़े यह दर्शाते हैं कि अमरीकी बैंकों के लिए औसत चूक संभावना 0.24 थी।

13. एक्सपोज़र देयताएँ वो हैं जिन्हें बैंक के विफल होने पर कवर किया जाना है। एक्सपोज़र एक निक्षेप बीमाकर्ता के लिए बीमाकृत जमाराशियों के बराबर की राशि होती है। चूक के कारण हुई हानि निक्षेप बीमाकर्ता को हानि की मात्रा का मापन कुल चूक हुए एक्सपोज़र के प्रतिशत के रूप में प्रस्तुत करता है। हानियुक्त चूक का हिसाब उस बीमाकृत देयताओं से बैंक के समाधान से आस्तियों के वर्तमान मूल्य की वसूली का कुल जोड़ करके किया जाता है। अत: विफल आस्तियों पर वसूली दर जितना अधिक होता है उतना ही हानियुक्त चूक कम होती है। अमरीका में ऐतिहासिक औसत हानि दर का अनुमान बैंक आस्तियों का 25 प्रतिशत पर आँका गया था। बैंक आस्तियों की वसूली दर उन अधिकार क्षेत्रों में कम होगी जहां कम सक्षमता और कम तेज़ बैंक समाधान होते हैं। हालांकि निक्षेप बीमा निधि को बैंक के आनुपातिक अपेक्षित हानि के लिए अपेक्षित हानि का मूल्य निर्धारण के उक्त तीन घटक उतने ही महत्त्वपूर्ण हैं किन्तु चूक संभावना के अनुमान पर अधिक ज़ोर दिया जाता है क्योंकि गैर-बीमाकृत जमाराशियों और निक्षेप बीमा निधि द्वारा हुई ऐतिहासिक हानियों पर बैंक -विशेषवार जानकारी उपलब्ध होने के कारण अन्य दोनों की गणना करना तुलनात्मक रूप से आसान होता है (लूक लाइवेन, 2008)।

14. इस पद्धति का मुख्य लाभ यह है कि इसे देश की परिस्थितियों के अनुकूल बनाया जा सकता है। अधिकतर देश जिन्होंने जोखिम आधारित प्रीमियम को अपनाया है वे जोखिम आधारित प्रीमियम निर्धारण में किसी न किसी प्रकार का अपेक्षित हानि मूल्य निर्धारण पद्धति का अनुपालन करते हैं।

15. हालांकि, हाल में पिछले कुछ समय से जोखिम आधारित प्रीमियम ने प्रमुखता प्राप्त की है। फिर भी बैंक जोखिम का मापन, विश्वसनीय एवं समयोचित आंकड़ों को प्राप्त करना, यह सुनिश्चित करना कि दर निर्धारण के मानदण्ड पारदर्शी हैं और समस्या वाली बैंकों पर उच्च प्रीमियम लागू करने के कारण अस्थिरता पैदा करने वाले संभाव्य प्रभाव की जांच करना जैसे जोखिम समायोजित प्रीमियमों की एक-समान प्रणाली लागू करने संबंधी कतिपय समस्याएँ हैं। बैंक जोखिम के मापन में सामान्यत: सर्वाधिक प्रयोग में पूंजी पर्याप्तता, सीएएमईएल और पर्यवेक्षी दर निर्धारण शामिल है। केवल कुछ देश ही जोखिम का आकलन करने के लिए जटिल पद्धतियों का प्रयोग करते हैं। निक्षेप बीमा मूल्य निर्धारण के लिए विस्तृत दृष्टिकोण के विवरण की पृष्ठभूमि में चयनित अधिकार क्षेत्रों में अपनाई गई पद्धति निम्नलिखित पैराग्राफों में प्रस्तुत हैं।

जोखिम आधारित प्रीमियम - बहुराष्ट्रीय कार्यप्रणाली

16. वर्ष 1993 में अमेरिका से शुरुआत करते हुए अनेक देशों ने अपने अधिकार क्षेत्र में एक-समान प्रीमियम के बदले जोखिम आधारित प्रीमियम को अपनाया है। इसमें तेजी से वृद्धि हुई है और अनुमान है कि वर्तमान में इसे छब्बीस देशों में व्यवहार में लाया जा रहा है। चुनिंदा देशों की जोखिम आधारित प्रीमियम प्रणाली की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित पैराग्राफ में प्रस्तुत की जा रही हैं। फेडरल निक्षेप बीमा निगम (एफ़डीआईसी) के लिए प्रीमियम दर . कानून द्वारा लागू की गई थी और उसे केवल अमेरिकी कांग्रेस की कार्रवाई से ही बदला जा सकता था। प्रीमियम दर को निर्धारणीय जमाराशियों के एक प्रतिशत के रूप में दर्शाया गया था। वर्ष 1993 तक यह सभी बीमाकृत बैंकों से एक-समान दर पर बीमा प्रीमियम लेता था। 1980 के दशक और 1990 के दशक की शुरुआत में बैंक विफलताओं में भारी उछाल ने चिंताएं बढ़ा दी और एक कानून पारित किया गया जिसके तहत एफ़डीआईसी ने जोखिम आधारित प्रीमियम की एक प्रणाली स्थापित की। एफ़डीआईसी ने 1 जनवरी 1993 की प्रभावी तारीख से विभेदक प्रीमियम प्रणाली लागू कर दी; 2010 में लागू वित्तीय सुधार कानून के अनुसरण में जोखिम संबंधित प्रीमियम प्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार लागू किए गए।

17. कनाडा ने सीडीआईसी की एक-समान प्रीमियम दर प्रणाली के स्थान पर एक ऐसी प्रणाली लाने के लिए 1995 में अपनी निक्षेप बीमा निगम (सीडीआईसी) अधिनियम में संशोधन किया जिसके अंतर्गत सदस्य संस्थाओं को विभिन्न जोखिम श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाए ताकि उनके जोखिमों को व्यापक रूप से दर्शाया जा सके और इन श्रेणियों के आधार पर भिन्न-भिन्न प्रीमियम दर लागू किया जा सके। 1996 से 1999 की तीन वर्ष की अवधि के दौरान सीडीआईसी की विभेदक प्रीमियम प्रणाली के डिजाइन, विकास

और परामर्श प्रक्रिया में एक विस्तृत बदलाव लाया गया। विभिन्न श्रेणियों के लिए निर्धारित प्रीमियम दरें रेटिंग स्केल के साथ-साथ ज्यामितीय अनुक्रम में बढ़ती हैं। कोलम्बियाई निक्षेप बीमा एजेंसी एफ़ओजीएएफ़आईएन ने स्थापना के समय से वर्ष 1998 तक अपने सभी सदस्य बैंकों पर एक-समान प्रीमियम दर लागू किया। वर्ष 1998 में एफ़ओजीएएफ़आईएन ने क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों की रेटिंग के आधार पर एक-समान प्रीमियम दर पर मार्कअप के रूप में प्रीमियम के जोखिम आधारित घटक को लागू किया। वर्तमान में, एफ़ओजीएएफ़आईएन के पास एक-समान दर प्रीमियम और सदस्य संस्थान के जोखिम प्रोफाइल पर आधारित परिवर्तनशील प्रीमियम घटक से बनी एक मिश्रित प्रीमियम योजना है। मलेशिया निक्षेप बीमा निगम (एमडीआईसी) ने एक पूर्व निधीयन दृष्टिकोण अपनाया था, जहां सदस्य संस्थानों पर लागू प्रीमियम सितंबर 2005 में निक्षेप बीमा प्रणाली की शुरूआत से एक-समान प्रीमियम दर प्रणाली पर आधारित थी। इस प्रणाली के तहत 0.06% की वार्षिक प्रीमियम दर सभी सदस्यों पर लागू की गई थी। मलेशिया ने 2008 में एक-समान दर प्रणाली के स्थान पर डीपीएस को अपना लिया था। तथापि मलेशिया ने दोबारा अपनी प्रीमियम प्रणाली पर 2011 और हाल ही में 2015 में इस पर विचार किया और उसमें और अधिक सुधार लाया गया। एमडीआईसी प्रत्येक बैंक के आकलन के लिए मात्रात्मक और गुणात्मक सामग्री दोनों के संयोजन का प्रयोग करता है। ताइवान के केंद्रीय निक्षेप बीमा निगम ने 1985 से 1999 के मध्य तक एक-समान प्रीमियम दर प्रणाली को अपनाया था। फिर जुलाई 1999 से उसने जोखिम आधारित प्रीमियम को लागू किया। जोखिम आधारित प्रीमियम प्रणाली के तहत प्रत्येक बीमाकृत संस्था के लिए प्रीमियम दर का निर्धारण प्रत्येक बीमित संस्था के जोखिम स्तर के आधार पर किया जाता है।

भारत

18. भारत में समय-समय पर बैंकों के लिए जोखिम आधारित प्रीमियम लागू करने की सिफारिशें की गई है। बैंकिंग क्षेत्र सुधार पर गठित नरसिंहम समिति की रिपोर्ट (1998) में संरचनात्मक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक-समान प्रीमियम दर प्रणाली के स्थान पर जोखिम आधारित प्रीमियम प्रणाली लागू करने की सिफारिश की गई थी। भारत में निक्षेप बीमा में सुधार पर गठित कपूर समिति (आरबीआई, 1999) ने भी यही राय दोहराई थी। डीआईसीजीसी द्वारा क्रेडिट जोखिम मॉडल पर गठित समिति (2006) ने भी यह सिफ़ारिश की थी कि राज्य सहकारी बैंकों और शहरी सहकारी बैंकों से शुरुआत करते हुए जोखिम आधारित प्रीमियम प्रणाली लागू की जा सकती है। पूर्व की विभिन्न समितियों की सिफारिशों के बावजूद, जोखिम आधारित प्रीमियम प्रणाली को लागू नहीं किया जा सका क्योंकि अन्य बातों के साथ साथ, सहकारी और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (बीमाकृत बैंकों का 90% तक का भाग) का अब तक पुनर्गठन किया जा रहा है और सभी बीमाकृत बैंकों विशेष रूप से सहकारी बैंकों के लिए मजबूत पर्यवेक्षी मूल्यांकन का अभाव है जोकि मूल्यांकन मॉडल के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। तथापि निक्षेप बीमा कवर में रु. 0.1 मिलियन के मौजूदा स्तर में वृद्धि के लिए हितधारकों और जनता के प्रतिनिधियों द्वारा लगातार मांग उठाई जा रही है। बीमाकृत बैंकों के जोखिम प्रोफाइल को प्रीमियम दरों की गणना के अनुरूप न रखने से और निक्षेप बीमा कवर में वृद्धि करने से केवल अंतर्निहित नैतिक खतरा और अधिक बढ़ जाएगा। इसको देखते हुए यह महसूस किया गया है कि बीमा कवर को रु. 0.1 मिलियन की मौजूदा उच्चतम सीमा से बढ़ाने को सुविधाजनक बनाने के लिए जोखिम आधारित प्रीमियम प्रणाली लागू करने पर विचार किया जा सकता है। इसको ध्यान में रखकर भारत में जोखिम आधारित प्रीमियम लागू करने पर सिफारिशें करने के लिए मार्च 2015 में बैंकों के लिए विभेदक प्रीमियम पर एक समिति (अध्यक्ष, श्री जसबीर सिंह) का गठन किया गया है।

निक्षेप बीमा के लिए निधीयन

19. निक्षेप बीमा प्रणाली के निधीयन के लिए तीन तरीके उपलब्ध हैं। वो हैं पूर्व, पश्चात और मिश्रित । पूर्व तरीके में बैंकों को विफलताओं से बचाने के लिए आवश्यक धन पहले से ही एकत्र कर लिया जाता है। निधि का स्त्रोत सदस्य संस्थाओं से एकत्र किया गया प्रीमियम और इन निधियों के निवेश से अर्जित प्रतिलाभ होता है। इसके अतिरिक्त आकस्मिक स्थिति में निधीयन के लिए पूर्व निर्धारित व्यवस्था भी पूर्व तरीके का एक भाग है। पश्चात तरीके में विफलता(एं) होने के बाद में बैंक आवश्यक धन को एकत्र करते हैं। मिश्रित तरीके में पूर्व और पश्चात दोनों तरीकों का मिश्रण होता है।

20. पूर्व और पश्चात तरीके का तुलनात्मक विश्लेषण पहले अर्थात पूर्व के पक्ष में है। सबसे पहले, पूर्व तरीका विभेदक प्रीमियम प्रणाली को अपनाने में सहायक होता है और इस प्रकार नैतिक खतरे

को कम करता है, क्योंकि उच्च प्रीमियम दर उच्चतर जोखिम को संतुलित कर देता है। दूसरा, पूर्व तरीके में विफलता की संभावना वाले बैंकों सहित सभी बैंक अपनी निर्धारणीय जमाराशियों पर लागू ब्याज दर से प्रीमियम का भुगतान करते हैं। इससे प्रतिसहायता में कमी आती है और इस प्रकार प्रणाली न्यायोचित होती है, क्योंकि पश्चात के तहत सबसे अधिक जोखिम वाले बैंक जो वास्तव में विफल होते हैं वे निधि में कभी भी सहायता नहीं देते हैं। तीसरा, पूर्व तरीका निधीयन प्रणाली की समर्थक चक्रीयता को घटा देता है। अच्छे समय में एकत्रित निधि संकट के समय में उपयोगी निधि में बदल जाती है और इसलिए जमा बीमा कंपनी को प्रतिकूल वित्तीय परिदृश्य में सदस्य बैंकों से अतिरिक्त धन जुटाने की आवश्यकता नहीं होती है। चौथा, पूर्व निधीयन का एक सकारात्मक प्रभाव होता है और यह जमाकर्ताओं में एक विश्वास पैदा करता है कि बैंक के समस्या में जाने के दौरान डीआईए के पास युद्ध स्तर पर जमा पूंजी होती है जिसका सहारा लिया जा सकता है। दूसरी ओर पूर्व तरीके में अवसर मूल्य शामिल होता है क्योंकि उन संसाधनों को वैकल्पिक अच्छे, कुशल या अधिक लाभ देने वाले प्रयोजनों के लिए बैंकों द्वारा इस्तेमाल किया जा सकता है। तथापि इसमें शामिल निधीयन की अनिश्चित्ता को देखते हुए पूर्व तरीके से जमा की गई बीमा निधि के फायदे पश्चात तरीके को अपनाने से कहीं ज्यादा हैं। निक्षेप बीमा एजेंसियों द्वारा पूर्व प्रणाली को अपनाए जाने को यह सार्थक करता है।

21. जमाकर्ताओं की सुरक्षा और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए एक निक्षेप बीमा प्राधिकरण के पास पर्याप्त निधि होनी चाहिए जो हमेशा उपलब्ध रहे। निधि की अपर्याप्तता और उसकी उपलब्धता का अभाव जमाकर्ताओं के विश्वास को और उनकी जमाराशि की सुरक्षा को कम करता है। मूल सिद्धान्त यह कहते हैं कि निक्षेप बीमा प्रणाली का निधीयन सदस्य बैंकों की ज़िम्मेदारी है। निक्षेप बीमा निधि को बैंकिंग क्षेत्र की गंभीर समस्याओं को सुलझाने के लिए पर्याप्त होना चाहिए, लेकिन इस निधि को इतना व्यापक भी नहीं समझा जाना चाहिए कि वह प्रणालीगत बैंकिंग संकट को सुलझा सके। निक्षेप बीमा कोष की पर्याप्तता को एक चलायमान लक्ष्य के संदर्भ में लिया जाना चाहिए। जमा देयताओं की गति को उपयुक्त अंतराल में जमा बीमा निधि की पर्याप्तता की निरंतर समीक्षा की आवश्यकता होती है।

22. धारित निक्षेप बीमा निधि की पर्याप्तता को लेकर अक्सर चिंताएं बनी रहती है क्योंकि कुछ अवसरों पर बीमा देयताओं को मुक्त करते समय निधि नकारात्मक हो गई होती है। आईएमएफ़ वर्किंग पेपर ने टिप्पणी की है कि कई निक्षेप बीमा प्रणालियों में विशेषकर बड़े वित्तीय प्रणाली वाले देशों में निधीयन कम प्रतीत होता है। निधीयन में अपर्याप्तता, निधियों की उपलब्धता के साथ-साथ दर्शाई गई कवर की राशि में भी देखी गई है। पेपर ने यह टिप्पणी भी की है कि हाल के वित्तीय संकट के दौरान निक्षेप बीमा कवरेज में तेजी से वृद्धि हुई और बाद में कम भी हो गई थी लेकिन औसत तौर पर, कवरेज का स्तर संकट पूर्व के स्तर से ऊपर बना रहा। ऊंचा कवरेज स्तर प्रणाली की प्रतिबद्धता पर बने रहने की क्षमता को दर्शाता है। तकनीकी रूप से निक्षेप बीमा निधि का आकार डीआईए के संभावित पोर्टफोलियो नुकसान को दर्शाता है और सामान्य रूप से बीमित देयताओं से यह कम होता है (बीमित जमाकर्ताओं को भुगतान करने के बाद डीआईए जमाकर्ता का स्थान ग्रहण करता है और बीमा देयताओं को मुक्त करने के साथ संतुलन बनाए रखने के लिए विफल बैंक की संपत्ति पर प्रस्थापन (सब्रोगेशन) अधिकार प्राप्त करता है)। तथापि जमाकर्ताओं को भुगतान के माध्यम से नकद खर्च तत्काल हो जाता है जबकि वसूलियां कुछ समय की अवधि में उपचित होती हैं जिसके कारण नकदी प्रवाह में असमानता दिखती है। इस स्थिति से निपटने के लिए तथा निक्षेप बीमा प्रणाली की सफलता के लिए डीआईए को आपात कालीन निधि की कमी को पूरा करने के लिए सरकार के समर्थन की सुविधा होनी चाहिए। मूल सिद्धान्त कहते हैं कि चलनिधि निधीयन की पूर्व-व्यवस्था और सुनिश्चित स्त्रोत सहित आपात कालीन निधीयन व्यवस्था स्पष्ट रूप से होनी चाहिए या कानून या नियम में इसकी अनुमति होनी चाहिए। इस स्त्रोत में सरकार,केन्द्रीय बैंक या बाज़ार ऋण के साथ निधीयन करार भी शामिल होना चाहिए। आईएमएफ़ ने इस संबंध में यह देखा कि केवल 38% अधिकार क्षेत्रों के पास ही प्रतिबद्ध स्त्रोतों के थोड़े बहुत समर्थन की सुविधा है।

23. अत: इस संदर्भ में एक निक्षेप बीमाकर्ता के लिए अनुकूलतम लक्ष्य निधि की मात्रा का निर्धारण करना आवश्यक है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उपयुक्त पद्धति का प्रयोग अति आवश्यक है। लक्ष्य निधि के स्तर का निर्धारण करने के लिए विश्वभर में निक्षेप बीमाकर्ताओं द्वारा विभिन्न तरीके अपनाए गए हैं। आईएडीआई

सर्वेक्षण (2011) के अनुसार 33 संस्थाओं में से 9 निक्षेप बीमाकर्ता (कनाडा, हाँगकाँग, इन्डोनेशिया, नाइजीरिया, रूस, फिलीपींस, यूएसए, सिंगापोर और ज़िम्बाब्वे) निक्षेप बीमाकर्ता के संभावित नुकसान की गणना करने और इस तरह निधियों के लक्ष्य स्तर को प्राप्त करने के लिए बीमित संस्थाएं चूक की संभावना (पीडी) का उपयोग करती हैं। अन्य कुछ देश चूक की संभावना की गणना के लिए सांख्यिकीय पद्धतियाँ और बाहरी मूल्यांकन का प्रयोग करते हैं और लक्ष्य का स्तर तय करने के लिए मोंटे कार्लो सिमुलेशन प्रक्रिया अपनाते हैं। इंडोनेशिया मात्रात्मक मॉडल के आधार पर आंतरिक मूल्यांकन का उपयोग करता है और फिर चूक की संभावना की गणना के लिए परिवर्तनीय ढांचे पर एक मॉडल तैयार किया जाता है। रूस बीमाकृत संस्थाओं द्वारा जारी बांडों के बाजार मूल्यों के आधार पर पद्धतियों और मॉडलों का उपयोग करता है।

24. निगम ने अब तक आरक्षित अनुपात के रूप में आरक्षित निधि के लिए कोई लक्ष्य तय नहीं किया है। ऐसे कई अधिकार क्षेत्र हैं जिन्होंने अपने निक्षेप बीमा परिचालनों के लिए आरक्षित निधि के लक्ष्य तय किए हैं, जो न्यूनतम 0.25 %(हाँगकाँग) से अधिकतम 5 % (अर्जेन्टीना) के बीच है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लक्ष्य निधि के आकार का निर्धारण करने की प्रक्रिया के परिशोधन का कार्य अभी भी जारी है। आईएडीआई ने लक्ष्य निधि निर्धारित करने पर सदस्य बैंकों हेतु एक मार्गदर्शिका का निर्माण करने के लिए अपनी अनुसंधान और मार्गदर्शन समिति के अंतर्गत एक उपसमूह का गठन किया है। आज की स्थिति में, निगम अनौपचारिक रूप से 2.5% के आरक्षित अनुपात की ओर बढ़ रहा है। 31 मार्च 2015 की स्थिति के अनुसार आरक्षित अनुपात 1.93% था। पिछले 5 वर्षों में आरक्षित अनुपात की गति को चार्ट 1 में दर्शाया गया है।

चार्ट 1: आरक्षित अनुपात



25. विफलताओं के पुराने रिकॉर्ड को देखने पर डीआईसीजीसी द्वारा संरक्षित निधि पर्याप्त प्रतीत होती है। किन्तु यह स्पष्ट नहीं है कि यह निधि कुछ छोटे या मझौले आकार के वाणिज्यिक बैंकों की कल्पित विफलता पर उत्पन्न होने वाले दावों की भरपाई कर पाएगी। जैसा कि पहले कहा गया है, कोई भी निक्षेप बीमाकर्ता व्यापक वित्तीय संकट का सामना करने हेतु इतनी अधिक चलनिधि संरक्षित नहीं कर सकता है। बैंकों की प्रणालीगत रूप से विफलता की असाधारण स्थिति में यह अति आवश्यक है कि निक्षेप बीमाकर्ता के पास केन्द्रीय बैंक और/या सरकार से निधि की असीमित और त्वरित आपूर्ति का साधन हो ताकि वित्तीय स्थिरता खतरे में न पड़े। जैसा कि हम सभी जानते हैं, 2008 के संकट के दौरान इस प्रकार की व्यवस्था ने ही जमाकर्ताओं में मची हलचल को नियंत्रित रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज की स्थिति में डीआईसीजीसी को भारतीय रिज़र्व बैंक से सहायता की सुविधा के रूप में केवल रु.50 मिलियन की पात्रता है और अत: अंतरराष्ट्रीय मानकों के स्तर पर इस प्रकार की सहायता में संवर्धन करना अति आवश्यक है।

निष्कर्ष

26. निक्षेप बीमा प्रणाली लागू करना अपने साथ विशिष्ट लाभों के अतिरिक्त वित्तीय प्रणाली में नैतिक खतरे की समस्या को भी साथ लाती है। इसे नियामक उपायों तथा निक्षेप बीमा एजेंसियों के सदस्य संस्थानों द्वारा जोखिम आधारित प्रीमियम लागू किए जाने सहित अन्य कई उपायों के माध्यम से संबोधित किए जाने की मांग की जा रही है। एक जोखिम आधारित विभेदक प्रीमियम प्रणाली लागू करने में निक्षेप बीमा का मूल्य निर्धारण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। निक्षेप बीमा मूल्य निर्धारण के लिए प्रमुख तौर पर दो दृष्टिकोण रहे हैं अर्थात मूल्य निर्धारण विकल्प मॉडल और संभावित हानि मूल्य निर्धारण। मूल्य निर्धारण विकल्प मॉडल पर उपलब्ध साहित्य काफी हद तक केवल शैक्षिक अनुभवजन्य कार्य तक ही सीमित है। मूल्य निर्धारण विकल्प मॉडल के आधार पर प्रीमियम को मापने में निहित सीमाओं और जटिलताओं के कारण और कार्यान्वयन से जुड़ी कठिनाइयों के कारण जोखिम आधारित प्रीमियम को अपनाने वाले किसी भी देश ने इस कार्यप्रणाली को नहीं अपनाया है। दूसरी ओर संभावित हानि मूल्य निर्धारण दृष्टिकोण समझने में अपेक्षाकृत सरल है और विभिन्न मानदण्डों पर सरलता और आंकड़ों की उपलब्धता दोनों ही दृष्टि से गणना करने योग्य है। व्यावहारिक रूप से निक्षेप बीमा को मापने के लिए देश अपनी विशिष्ट परिस्थितियों के आधार पर संभावित हानि मूल्य निर्धारण दृष्टिकोण के कोई न कोई प्रकार का

उपयोग करते हैं। बहुराष्ट्रीय कार्यप्रणाली यह दर्शाती है कि विभेदक प्रीमियम प्रणाली न्यायसंगत है और कार्यनिष्पादन व सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन प्रणाली को प्रोत्साहित करते हैं। तथापि विभिन्न देशों के बीच जोखिम के आकलन के लिए कोई एक-समान दृष्टिकोण नहीं है। जोखिम निर्धारण की प्रक्रिया कोलम्बिया, कनाडा और मलेशिया के जैसी सरल और यूएस जैसी कठिन होती है। इससे बड़े संस्थानों के लिए दूरंदेशी जोखिम उपाय की शुरुआत हुई है। चूक के मामले में निक्षेप बीमा देयताओं की पूर्ति करने के लिए प्रभावी निक्षेप बीमा हेतु मूल सिद्धांतों के रूप में निर्धारित निधीयन के लिए सरकार पर निर्भर रहे बिना निक्षेप बीमा निधि का निधीयन एक आवश्यक पहलू बन चुका है। इस संदर्भ में, कुछ देशों ने भी चूक के मामले में निक्षेप बीमा देयताओं की पूर्ति करने के लिए उपयुक्त लक्ष्य निधि तैयार कर ली है।

संदर्भ

एसली देमिर्ग्यूक-कंट, एडवर्ड केइन, और ल्यूक लीवेन (2014), निक्षेप बीमा डाटाबेस, आईएमएफ वर्किंग पेपर सं.118

शेंग-फ़्यू ली, ऐलिस सी.ली और जॉन ली (2010) संस्करण -'' मात्रात्मक वित्त और जोखिम प्रबंधन की पुस्तिका'', स्प्रिंगर

डीआईसीजीसी (2006), ऋण जोखिम मॉडल पर समिति की रिपोर्ट।

डेम्बे, ए.ई और बोडेन, एल.आई (2000), नैतिक खतरा: नैतिकता का प्रश्न? नए समाधान, खण्ड 10 सं.3।

यूरोपीय आयोग (2008), यूरोपीय संघ की निक्षेप गारंटी योजना में जोखिम आधारित योगदान: मौजूदा प्रणालियाँ, संयुक्त अनुसंधान केन्द्र।

एफएसबी (2012), निक्षेप बीमा प्रणाली पर विषयगत समीक्षा, फरवरी।

ल्यूक लीवेन (2008), ''विश्वव्यापी निक्षेप बीमा: डिजाइन और कार्यान्वयन के मुद्दे'' में, निक्षेप बीमा मूल्य निर्धारण, संस्करण - एसली देमिर्ग्यूक-कंट और अन्य, एमआईटी प्रेस, विश्व बैंक।

आईएडीआई (2009), निक्षेप बीमा प्रणालियों के निधियन, -दिशानिर्देश पर पेपर, मई।

आईएडी आई (2011) एशिया - पसेफिक क्षेत्र में निक्षेप बीमा प्रणालियों की निधियन व्यवस्था - अनुसंधान पेपर, जुलाई।

आईएडीआई (2011), विभेदक प्रीमियम प्रणाली विकसित करने के लिए सामान्य मार्गदर्शन, अक्टूबर।

आईएडीआई (2011), जोखिम विश्लेषण के आधार पर निक्षेप बीमा कोष पर्याप्तता का मूल्यांकन,चर्चा पेपर।

आईएडीआई (2013), प्रभावी निक्षेप बीमा प्रणाली के लिए संवर्धित मार्गदर्शन: निक्षेप बीमा कवरेज', मार्च।

आईएडीआई (2014), प्रभावी निक्षेप बीमा के लिए आईएडीआई मूल सिद्धांत', नवंबर।

मार्कस ए.जे और आई शाकेड (1984), विकल्प मूल्य निर्धारण अनुमान के प्रयोग से एफ़डीआईसी के निक्षेप बीमा का मूल्यांकन, मनी, क्रेडिट एण्ड बैंकिंग पत्रिका 16।

मेरटन, रॉबर्ट (1977), निक्षेप बीमा और ऋण गारंटी के मूल्य की विश्लेषणात्मक व्युत्पत्ति। बैंकिंग एण्ड फाइनेंस पत्रिका।

मेरटन आर सी (1978), जहां निगरानी लागत हैं वहाँ निक्षेप बीमा की लागत पर, बिज़नेस पत्रिका 51।

पेट्रीसिया ए मैककॉय (2007), निक्षेप बीमा पर नैतिक खतरे का प्रभाव : सिद्धांत और साक्ष्य, आईएमएफ़, फरवरी।

पॉल क्रुगमैन (2009), मंदीयुक्त अर्थशास्त्र की वापसी और 2008 का संकट।

पिन्नाच्ची, जी.जी (1987), निक्षेप बीमा का अधिक अथवा कम मूल्य निर्धारण की पुन: जांच - मनी, क्रेडिट एण्ड बैंकिंग पत्रिका 19।

पिलर गोमेज़ - फर्नांडीज - अगुआडो, एंटोनियो पारटा - उरेना और एंटोनिया त्रुज़िलिओ - पोंस (2014), यूरोपीय संघ में जोखिम आधारित निक्षेप बीमा की दिशा की ओर जाना : व्यावहारिक अर्थशास्त्र स्पेन का मामला, संख्या 13।

रॉन, एहूद और अविनाश वर्मा (1986), जोखिम -समायोजित निक्षेप बीमा का मूल्य निर्धारण: एक विकल्प आधारित मॉडल, वित्त की पत्रिका 41।

सुज़ान वाल्टर और मथायस स्कालर (2012), 'व्यावहारिक जोखिम आधारित प्रीमियम की गणना का एक वैकल्पिक तरीका, बैंकिंग, वित्तीय बाजार और विनियमन में नए मानदंड? संस्करण- मोर्टेन बॉलिंग और अन्य। एसयूईआरएफ़।

31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष हेतु निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक मंडल की रिपोर्ट

(निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के अधीन प्रस्तुत)

भाग I: परिचालन और कार्य पद्धति

1.1 बीमाकृत बैंकों का पंजीकरण / विपंजीकरण

31 मार्च, 2015 की स्थिति के अनुसार, पंजीकृत बीमाकृत बैंकों की संख्या 2,129 है, जिसमें 92 वाणिज्यिक बैंक, 56 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी), 4 स्थानीय क्षेत्र बैंक (एलएबी) और 1,977 सहकारी बैंक शामिल हैं। 1962 में निक्षेप बीमा योजना के प्रारंभ होने से लेकर अब तक पंजीकृत बैंकों की वर्षवार **संलग्नक *I*** में तथा सहकारी बैंकों की श्रेणीवार और राज्यंवार संख्या दर्शानेवाले विवरण **संलग्नक *II*** में दिए गए हैं। वर्ष 2014-15 के दौरान 2 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और 3 वाणिज्यिक बैंकों को बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकृत किया गया और 4 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और 17 सहकारी बैंकों को विपंजीकृत किया गया, जिसके विवरण **संलग्नक *III*** में दिए गए हैं।

1.2 निक्षेप बीमा योजना का विस्तार

इस समय निगम द्वारा उपलब्ध निक्षेप बीमा के अंतर्गत सभी स्थानीय क्षेत्र बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित सभी वाणिज्यिक बैंकों और सभी राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में स्थित सहकारी बैंकों को शामिल किया गया है। तथापि संघशासित क्षेत्र लक्षद्वीप तथा दादरा और नगर हवेली में कोई सहकारी बैंक नहीं है।

1.3 बीमाकृत जमाराशियाँ

वर्ष 2014-15 और 2013-14 के अंत तक निगम द्वारा बीमाकृत खातों की संख्या और जमाराशि की रकम तथा जमाकर्ताओं को दी जाने वाली सुरक्षा की सीमा संबंधी ब्यौरा सारणी 1. में दिया गया है।

निक्षेप बीमा के प्रारंभ से जमाकर्ताओं को प्रदान की गई सुरक्षा की सीमा और पिछले तीन वर्षों के लिए बैंक श्रेणी-वार अलग-अलग आँकड़े क्रमश: **संलग्नक *IV*** और ***V*** में प्रस्तुत किए गए हैं। विभिन्न वर्षों में जमाकर्ताओं को दी गई सुरक्षा की सीमा संबंधी ब्यौरा चार्ट 1 में दिया गया है। 31 मार्च 2015 को ₹100,000 का वर्तमान बीमा कवर का स्तर प्रति व्यक्ति आय का 1.2 गुना था।

1.4 निक्षेप बीमा प्रीमियम

वर्ष 2014-15 और 2013-14 के दौरान बीमाकृत बैंकों से प्राप्त प्रीमियम (अतिदेय प्रीमियम पर ब्याज सहित) का बैंक श्रेणीवार विवरण सारणी 2 में प्रस्तुत किया गया है। वर्ष के दौरान बैंकों से प्राप्त प्रीमियम (सेवाकर को छोड़कर) में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

सारिणी 1: बीमाकृत जमाराशियाँ*

विवरण		वर्ष के अंत में	
		2014-15	**2013-14**
1	खातों की कुल सं. (मिलियन में)	1,456.36	1,370.13
2	पूर्णतया संरक्षित खाते (मिलियन में)	1,345.09	1,267.17
3	1 की तुलना में 2 का प्रतिशत	92.3	92.4
4	निर्धारणीय जमाराशियाँ (₹ बिलियन में)	84,751.54	76,166.40
5	बीमाकृत जमाराशियाँ (₹ बिलियन में)	26,067.94	23,791.52
6	4 की तुलना में 5 का प्रतिशत	30.8	31.2

* वर्ष 2013-14 और 2014-15 के लिए क्रमश: सितम्बर 2013 और सितम्बर 2014 के अंतिम कार्यदिवस के रिटर्नों पर आधारित।

चार्ट 1 : जमाकर्ताओं को दिए गए सुरक्षा का विस्तार



सारिणी 2 : प्राप्त प्रीमियम

(₹ मिलियन में)

वर्ष	स्थानीय क्षेत्र बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित वाणिज्यिक बैंक	सहकारी बैंक	कुल
2014-15	76,469	5,817	82,286
2013-14	68,025	5,103	73,128

1.4.1 विलंब से प्राप्त प्रीमियम पर दण्डात्मक ब्याज

निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 15 (3) के अनुसार, यदि कोई बीमाकृत बैंक प्रीमियम की किसी भी राशि का भुगतान करने में चूक करता है, तो उसे चूक की उस अवधि के लिए उस राशि पर बैंक दर के अतिरिक्त 8 प्रतिशत से अनधिक की दर, जैसा कि निर्धारित किया जाए, से निगम को ब्याज देना होगा। साथ ही, निबीप्रगानि सामान्य विनियमावली, 1961 की धारा 20 के अनुसार ब्याज की दर बैंक दर के अतिरिक्त 8 प्रतिशत पर तय की गई है। वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक दर 2 बार संशोधित की गई। तदनुसार समीक्षाधीन वर्ष के दौरान दंड स्वरूप ब्याज दर भी 2 बार संशोधित की गई। समीक्षाधीन अवधि के दौरान बैंक दर और दंड स्वरूप ब्याज दर की गति संबंधी ब्यौरा सारणी 3 में प्रस्तुत किया गया है।

सारिणी 3 : बैंक दर और दंड स्वरूप ब्याज दर की गति

से	तक	बैंक दर (%)	दंड स्वरूप ब्याज दर (%)	चूककर्ता बैंको द्वारा देय ब्याज दर (%)
01.04.2014	14.01.2015	9.00	8	17.00
15.01.2015	03.03.2015	8.75	8	16.75
04.03.2015	31.03.2015	8.50	8	16.50

1.5 निक्षेप बीमा निधि

निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) का प्रमुख स्रोत बीमाकृत बैंकों द्वारा अदा किया गया प्रीमियम और केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों से प्राप्त कूपन आय (और इसके पुनर्निवेश से)है। इसके साथ ही इसमें परिसमापकों /प्रशासकों /अंतरिती बैंकों से वसूल की गई छोटी राशियों का अंतर्प्रवाह (इनफ्लो) भी होता है। इस प्रकार निगम प्रतिवर्ष व्यय से ज्यादा आय जिसमें मुख्य रूप से बीमाकृत जमाकर्ताओं को किए गए भुगतान शामिल है,को अंतरित करके अपनी निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ)का निर्माण करता है। इस निधि का उपयोग परिसमापन /पुनर्निमाण /समामेलन आदि के अधीन बैंकों के जमाकर्ताओं के दावों के निपटान करने के लिए किया जाता है। 31 मार्च, 2015 की स्थिति के अनुसार निक्षेप बीमा निधि का आकार ₹452.4 बिलियन के अधिशेष के सहित (31 मार्च, 2014 के ₹406.2 बिलियन की तुलना में बढ़कर) ₹504.5 बिलियन हो गया है, जिसका आरक्षित अनुपात (बीमित जमाराशि की तुलना में निक्षेप बीमा निधि का अनुपात) 1.9 प्रतिशत है।2000-01 से निक्षेप बीमा निधि और आरक्षित अनुपात की स्थिति दर्शाने वाला चार्ट 2 नीचे प्रस्तुत है।

चार्ट 2 : निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) और आरक्षित अनुपात (आरआर)



1.6 निक्षेप बीमा दावों का निपटान

वर्ष 2014-15 के दौरान, निगम ने 30 सहकारी बैंकों (5 मूल दावे और 36 अनुपूरक दावे) जैसा कि ***संलग्नक VI*** में दर्शाया गया है से संबंधित ₹3,213 मिलियन के कुल दावों का निपटान किया । वाणिज्यिक बैंकों की ओर से कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया गया।

2014-15 के दौरान विफल बैंकों की संख्या तथा राज्य-वार निपटाए गए दावों की राशि का विवरण चार्ट 3 में दर्शाया गया है। इसमें गुजरात और महाराष्ट्र के बैंकों के दावों की संख्या अधिक है।

चार्ट 3 : 2014-15 के दौरान राज्य-वार निपटाए गए दावे और विफल बैंकों की संख्या



ऐसे 201 बैंकों के जमाकर्ताओं के संभाव्य दावों की देयताओं के लिए ₹4,523 मिलियन का प्रावधान किया गया है, जो समामेलन / समापनाधीन हैं तथा बैंकिंग कारोबार जारी रखने के लिए जिनका लाइसेंस / लाइसेंस के लिए आवेदनपत्र भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रद्द /अस्वीकृत कर दिया गया है। उपर्युक्त के अलावा निगम के पास दावे स्वीकृत किंतु संबंधित जमाकर्ताओं द्वारा दावा न किए जाने से शेष ₹1,824 मिलियन का प्रावधान था।

31 मार्च, 2015 को कुल 22 विचाराधीन दावे थे (जहाँ बैंकों को विपंजीकृत किया गया है किंतु निगम में दावा सूची प्रस्तुत नहीं की गई)। 31 मार्च, 2014 को कुल 25 विचाराधीन दावे थे। वर्ष 2014-15 के दौरान निगम ने लंबे समय से विचाराधीन दावों के निपटान हेतु, दावों का निपटान करने का प्रयास जारी रखा। दिसंबर 2002 में विपंजीकृत एक बैंक(सिलचर को-ऑपरेटिव बैंक लि.) का निपटान इस वर्ष किया गया। वर्ष के दौरान निगम ने दादासाहेब रावल को-ऑपरेटिव बैंक लि., (जनवरी 2011 में विपंजीकृत) जिसका नागपुर महिला नागरी सहकारी बैंक लि. में समामेलन किया गया है, के प्रावधान को रिवर्स कर दिया है। परिसमापनाधीन बैंकों का अवधि-वार विवरण, जहाँ परिसमापक द्वारा निगम को दावा सूची अभी प्रस्तुत करना शेष है, का विवरण सारणी 4 में दिया गया है। अवधि-वार विवरण में संघटक बदलाव देखा गया।

दावा निपटान की औसत अवधि में वृद्धि हुई और यह वर्ष 2013-14 में 15 दिनों से बढकर 2014-15 में 25 दिन हो गई (सारणी 5) किंतु निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 में निर्धारित 2 महिनों की अवधि के भीतर रही।

सारिणी 5 : दावों के निपटान में लगने वाली औसत अवधि

वित्तीय वर्ष	दावों के निपटान में लगने वाले औसत दिन
2014-15	25
2013-14	15
2012-13	27
2011-12	52
2010-11	49

1.7 निपटाए गए दावे / प्राप्त चुकौतियाँ (संचयी स्थिति)

31 मार्च, 2015 की स्थिति के अनुसार, निक्षेप बीमा के आरंभ से 27 वाणिज्यिक बैंकों के संबंध में प्रदत्त और प्रावधानीकृत दावों की संचयी राशि ₹2,959 मिलियन थी। वाणिज्यिक बैंकों के मामले में, परिसमापकों / अंतरिती बैंकों से कुल ₹1,485 मिलियन की संचयी चुकौतियाँ प्राप्त हुईं। वर्ष 2014-15 के दौरान किसी भी वाणिज्यिक बैंक से चुकौति प्राप्त नहीं हुई है।

योजना के प्रारंभ होने से 328 सहकारी बैंकों से ₹46,330 मिलियन की संचयी राशि (समीक्षाधीन वर्ष के दौरान ₹3,213 मिलियन की प्रदत्त राशि सहित) के दावे की राशि का भुगतान/ प्रावधान किया गया। सहकारी बैंकों के मामले में परिसमापकों / अंतरिती बैंकों से कुल ₹12,103 मिलियन (वर्ष 2014-15 के दौरान प्राप्त ₹1,470 मिलियन सहित) की चुकौतियाँ प्राप्त हुईं। 31 मार्च, 2015 तक बैंकों के दावों के भुगतान / प्रावधान की गई राशि तथा बट्टे खाते में डाली गई राशि / प्राप्त चुकौतियाँ आदि के संबंध में स्थिति का ब्यौरा ***संलग्नक VII*** में दी गयी है।

सारिणी 4 : अवधि-वार अनिर्णीत दावों का विवरण

विचाराधीन दावे	अवधि-वार विवरण				
	10 वर्ष से अधिक पुराने	5-10 वर्ष पुराने	1-5 वर्ष पुराने	1 वर्ष से कम पुराने	दावों की कुल संख्या
मार्च 2015 की स्थिति	8	2	11	1	22
मार्च 2014की स्थिति	8	3	7	7	25

चार्ट 4 : निपटाए गए दावों तथा वसूली की संचयी राशि
(31 मार्च, 2015 की स्थिति)



31 मार्च, 2015 की स्थिति के अनुसार बैंकों के निपटाए गए दावों के लिए किए गए प्रावधानों को **संलग्नक *VIII*** में दर्शाया गया है। 1999 से निपटाए गए दावों की राशि के साथ-साथ परिसमापित बैंकों की संख्या चार्ट 5 में दर्शाई गई है।

चार्ट 5 : पे-आउट और परिसमापित बैंकों की संख्या



1.8 कोर्ट - मामले

31 मार्च, 2015 की स्थिति के अनुसार, निगम की निक्षेप बीमा गतिविधियों के संबंध में विभिन्न कोर्टों में विचाराधीन कोर्ट-मामलों की संख्या 196 है, जो पिछले वर्ष भी समान थी। 196 मामलों में से 32 मामले निगम की ओर से दायर किए गए हैं और 164 निगम के विरुद्ध दायर किए गए हैं। न्यायालय-वार अलग-अलग आँकड़े सारणी 6 में दिए गए हैं और चार्ट 6 में दर्शाए गए हैं।

चार्ट 6 : न्यायालय वार अलग-अलग मामले
(31 मार्च, 2015 की स्थिति)



भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 (एएसीएस) की धारा 35ए के अंतर्गत बड़ी संख्या में बैंकों को निदेशों के अंतर्गत रखने अथवा परिसमापन करने के परिणामस्वरूप अनिर्णीत कोर्ट मामलों की संख्या में वृद्धि होने तथा जमाराशियों को निकालने पर प्रतिबंध लगाए जाने के कारण जमाराशि का भुगतान न मिलने पर असंतुष्ट जमाकर्ता उपभोक्ता न्यायालय में चले जाते हैं और मुकदमा चलाकर निगम को प्रतिवादियों में से एक प्रतिवादी बना देते हैं। कभी-कभी ऐसे मामले बैंकों का परिसमापन होने के पहले अथवा परिसमापक द्वारा दावा सूची प्रस्तुत करने के पहले, जहाँ जमाकर्ताओं को कोई भी राशि देने के लिए निगम उत्तरदायी नहीं है; दाखिल किए जाते हैं। मुख्यत: ये मामले निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 के अंतर्गत अधिकतम स्वीकार्य राशि से अधिक राशि अथवा निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 21 के साथ पठित निबीप्रगानि सामान्य विनियमावली, 1961 के विनियम 22 के अंतर्गत निगम के अधिमान्य चुकौती अधिकार के विरुद्ध विवाद और बैंकों को निदेश आदि के अंतर्गत रखे जाने की स्थिति में दावों के संबंध में दायर किए जाते हैं।

1.9 ऋण गारंटी योजनाएं

31 मार्च, 2015 तक कोई भी ऋण (क्रेडिट) संस्था निगम की ऋण गारंटी योजना में सहभागी नहीं थी, अत: निगम की किसी भी ऋण गारंटी योजना के अंतर्गत 2014-15 के दौरान कोई भी दावा प्राप्त नहीं हुआ। 2003-04 के बाद किसी गारंटी दावे पर गारंटी शुल्क प्राप्त नहीं हुआ तथा किसी दावे का भुगतान नहीं किया गया (**संलग्नक *IX***)।

सारिणी 6: कोर्ट मामलों की संख्या

मार्च के अंत में	2015	2014	2013	2012	2011	2010	2009	2008	2007	2006	2005	2004	2003
मामलों की सं.	196	196	193	188	201	174	122	124	128	126	126	89	66

वर्ष 2014-15 के दौरान लघु ऋण गारंटी योजना, 1971 (एसएलजीएस 1971) के अंतर्गत निगम के प्रत्यासन अधिकार के आधार पर पिछले वर्ष के ₹0.6 मिलियन की तुलना में ₹0.7 मिलियन की वसूली की गई। लघु ऋण (एसएसआई) गारंटी योजना, 1981 (एसएल-(एसएसआई)-जीएस 1981) के अंतर्गत पिछले वर्ष के ₹1.5 मिलियन के मुकाबले इस वर्ष ₹2.5 मिलियन की वसूली की गई।

भाग II:अन्य महत्वपूर्ण प्रयास / गतिविधियाँ

2.1 राज्य सरकार के सहकारी समितियों के पंजीयकों के साथ बैठकें और परिसमापकों के लिए कार्यशाला

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कार्यपालक निदेशक की उन पाँच प्रमुख राज्यों के सहकारी समितियों के पंजीयकों के साथ उच्च स्तरीय बैठकें की गईं,जिनके अंतर्गत बडी संख्या में परिसमापित शहरी सहकारी बैंक आते हैं, जहाँ निगम ने जमाकर्ताओं के दावों का निपटान किया है। इन बैठकों में कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे जैसे : अवितरित राशि वापस न किए जाने, स्टेटमेंट / रिटर्न निगम को प्रस्तुत न करना / विलंब से प्रस्तुत करना, परिसमापन की धीमी प्रक्रिया और परिसमापित शहरी सहकारी बैंकों द्वारा वसूली की राशि में से निगम के हिस्से की राशि की चुकौती न किए जाने संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। इन बैठकों के साथ-साथ छह केंद्रों अर्थात अहमदाबाद, बंगलुरू, हैदराबाद, नागपुर, भोपाल और पुणे में विफल हुई बैंकों के परिसमापकों के लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की गईं। जिनमें उन्हें अवधारणाओं को बेहतर रूप से समझने और निगम की उनसे अपेक्षाएं पर जानकारी दी गयी।

कार्यपालक निदेशक और पूर्वी अंचल के संबंधित राज्यों (असम,बिहार,झारखण्ड,उडीसा और पश्चिम बंगाल) के सहकारी समितियों के पंजीयकों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक भी आयोजित की गई। उसके बाद परिसमापकों के लिए कोलकाता में एक कार्यशाला आयोजित की गई। इन प्रयासों के फलस्वरूप निगम ने वर्ष 2014-15 के दौरान रू1016.1 मिलियन की राशि की वसूली की।

2.2 विफल हुई बैंकों के नए नियुक्त परिसमापकों के लिए जानकारी उपलब्ध कराने की सुविधा

परिसमापकों के लिए कार्यशाला आयोजित करने के अतिरिक्त निगम ने विफल हुई बैंकों के जमाकर्ताओं के हित में त्वरित प्रतिपूर्ति करने हेतु परिसमापकों को उनकी नियुक्ति के तुरंत बाद निगम में आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है ताकि उन्हें दावा प्रस्तुत करने के विभिन्न पहलुओं पर निगम की अपेक्षाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा सके। इसके फलस्वरूप परिसमापकों द्वारा सही रूप में कार्य शुरू करने तथा बिना किसी विसंगतियों के दावों को प्रस्तुत करने में कम समय लेने की अपेक्षा है।

2.3 अनुपूरक दावों का सीधा निपटान

जमाकर्ताओं को उनकी बीमाकृत निधियाँ और अधिक शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए निगम ने अब अनुपूरक दावों के संबंध में भी पात्र राशि का भुगतान परिसमापकों अथवा बैंकों के माध्यम से पैसा भेजने से बचते हुए। एनईएफटी/एनईसीएस के माध्यम से सीधे जमाकर्ताओं के खाते में जमा करने का निर्णय लिया है। परिसमापकों को 31 मार्च 2014 के बाद से अनुपूरक दावे प्रस्तुत करते समय जमाकर्ताओं के बैंक खातों का विवरण उपलब्ध कराने को कहा गया है। निगम ने अनुपूरक दावों के संबंध में पात्र दावा राशि सीधे संबंधित जमाकर्ताओं के खातों में जमा करना शूरू कर दिया है। इस नयी पद्धति के अनुसार अनुपूरक दावों के संबंध में 2,983 जमाकर्ताओं को कुल ₹74.40 मिलियन राशि की प्रतिपूर्ति की गयी है।

2.4 राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह की सदस्यता

डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 निगम को विफल बैंकों की जमाराशि का भुगतान सीधे संबंधित जमाकर्ताओं को करने की अनुमति देता है। अब निगम ने अनुपूरक दावों के संबंध में जमाकर्ताओं को सीधे भुगतान करने की प्रक्रिया को अपनाया है। मुख्य दावों के संबंध में भी जमाकर्ताओं को सीधे भुगतान करने के लिए निगम में योग्यता विकसित करने के उद्देश्य से, निगम ने परिसमापकों की इलेक्ट्रॉनिक रूप में दावा प्रस्तुत करने की तैयारियों के आधार पर चुनिंदा बैंकों के बड़े लेनदेन को संभालने के लिए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा संचालित राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह (एनएसीएच) प्रणाली की सदस्यता लेने का निर्णय लिया है। इस योजना का उसके अंतर्गत आनेवाले अधिक से अधिक बैंकों को कवर करने के लिए उत्तरोत्तर विस्तार किया जाएगा।

2.5 बैंकों के लिए जोखिम आधारित प्रीमियम पर समिति

भारत में बैंकों के लिए जोखिम आधारित प्रीमियम लागू करने के लिए समय-समय पर सिफारिशें की गई है। बैंकिंग क्षेत्र

सुधार पर नरसिंहम समिति की रिपोर्ट (1998) ने संरचनात्मक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक समान दर प्रीमियम प्रणाली के एवज में जोखिम आधारित प्रीमियम प्रणाली शुरू करने की सिफारिश की थी।''भारत में निक्षेप बीमा में सुधार''(1999) पर रिज़र्व बैंक की कपूर समिति द्वारा यह विचार प्रकट किया गया था। डीआईसीजीसी द्वारा ऋण जोखिम मॉडल (2006) पर गठित समिति ने भी शुरूआत में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) और शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) के लिए जोखिम आधारित प्रीमियम शुरू करने की सिफारिश की है। इन समितियों की सिफारिशों के बावजूद अन्य कारणों सहित डाटा संबंधी मुद्दों के कारण जोखिम आधारित प्रीमियम को लागू करने का काम शुरू नहीं किया जा सकता है। हालांकि, निक्षेप बीमा कवर में, ₹0.1 मिलियन के मौजूदा स्तर से वृद्धि के लिए हितधारकों और जनता के प्रतिनिधियों की लगातार मांग रही है। कवर किए गए बीमाकृत बैंकों की जोख़िम प्रोफाइल के अनुसार प्रीमियम दर की क्षमता तय किए बिना कवर में वृद्धि करना केवल अंतर्निहित नैतिक जोखिम को तीव्र कर देगा। इसे ध्यान में रखते हुए भारत में जोखिम आधारित प्रीमियम लागू करने हेतु सिफारिशों के लिए मार्च 2015 में बैंकों के लिए विभेदक प्रीमियम पर एक समिति (अध्यक्ष: श्री जसबीर सिंह) का गठन किया गया है।

2.6 समाधान निगम पर कार्यदल

आप को यह ज्ञात होगा कि वित्तीय क्षेत्र विधायी सुधार आयोग (एफ़एसएलआरसी) ने एक समाधान निगम (आरसी) के गठन की सिफारिश की थी जो वित्तीय फर्मों के दिवालिया होने की स्थिति तक पहुँचने से पहले ही उनका समाधान करेगा। भारतीय वित्तीय संहिता के तहत आरसी के पास विस्तृत अधिकार होंगे जो उसे असफल वित्तीय कंपनियों के शीघ्र और व्यवस्थित समाधान करने के लिए कई वैकल्पिक रास्ते चुनने के लिए सक्षम बनाएगी। वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफ़एसडीसी) की एक बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि आरसी के गठन हेतु रोड मैप को अंतिम रूप देने के लिए कार्रवाई की जानी चाहिए।आरसी स्थापित करने के लिए सहायता उपलब्ध कराने हेतु 30 सितंबर, 2014 को भारत सरकार ने एक कार्यदल (अध्यक्ष- श्री दामोदरन) का गठन किया। अन्य शर्तों के साथ कार्यदल के संदर्भ की शर्तों (टीओआर) में निम्नलिखित शामिल हैं :

(ए) समाधान पर उत्कृष्ट अंतरराष्ट्रीय प्रणालियों की समीक्षा; (बी) आरसी के लिए एक संगठन रूपरेखा विकसित करना जो ड्राफ्ट/मसौदा भारतीय वित्तीय संहिता लागू करेगा; (सी) एक प्रशासनिक योजना विकसित करना जिसमें आरसी के लिए आवश्यक भौतिक बुनियादी सुविधा की रूपरेखा भी शामिल हो; (डी) पर्याप्त स्तर के विवरण सहित आरसी के लिए सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली की विशिष्टताओं को विकसित करना जिसे ऐसी प्रणाली के निर्माण के लिए सेवाप्रदाताओं के साथ एक औपचारिक अनुबंध के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है; (ई) आरसी के लिए एक जोखिम प्रबंधन प्रणाली विकसित करना - अपनी गतिविधियों से उभरने वाले जोखिमों का आकलन, निगरानी और उनको कम करने के लिए एक ढांचा; और (एफ) निक्षेप बीमा कार्य को निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) से आरसी में अंतरित करने के लिए एक योजना विकसित करना।

कार्यदल से एक वर्ष के भीतर अपना कार्य पूरा कर लेने की उम्मीद है।

भाग III: लेखा विवरण

3.1 बीमा देयताएं

(क) वर्ष 2014-15 के दौरान, बीमा दावों के रूप में ₹3,212.89 मिलियन (पिछले वर्ष ₹1,030.92 मिलियन)का भुगतान किया गया,जो 211.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 31 मार्च, 2015 के अनुसार बकाया निक्षेप बीमा दावों के रूप में सुनिश्चित देयताएं ₹3,138.22 मिलियन (31 मार्च, 2014 को ₹3,921.26 मिलियन) अनुमानित की गई थीं,जो 19.97 प्रतिशत की कमी दर्शाती हैं। इन राशियों के लिए पूर्ण प्रावधान किया गया है।

(ख) समीक्षाधीन वर्ष के अंत में निधिशेष (अर्थात् बीमांकिक देयता) अनुमोदित बीमांकक मेसर्स के.ए.पंडित एंड कं.के निर्धारण के अनुसार ₹52,075.40 मिलियन ₹50,683.40 मिलियन) रहा।

(ग) ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) के संबंध में कोई संभाव्य दावा देयता नहीं है।

3.2 वर्ष के दौरान राजस्व

(क) वर्ष 2014-15 के दौरान, निक्षेप बीमा निधि में कर-पूर्व राजस्व अधिशेष पिछले वर्ष ₹91,523.37 मिलियन था, इसमें ₹55,367.63 मिलियन की वृद्धि हुई और अब

यह ₹146,891.00 मिलियन हो गया अर्थात् 60.50 प्रतिशत की वृद्धि हुई।इसका प्रमुख कारण प्रीमियम आय में ₹9,158.47 मिलियन की वृद्धि, निवेशों से होने वाली आय में ₹6,419.36 मिलियन की वृद्धि, राजस्व के रूप में प्रभारित निवल बीमांकिक देयता में ₹1,392.00मिलियन की वृद्धि द्वारा आंशिक रूप से समायोजन करते हुए निवेशों के मूल्यह्रास के रूप में ₹23,821.19 मिलियन का प्रतिलेखन रहा है।

(ख) वर्ष 2014-15 के दौरान ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) में कर-पूर्व राजस्व अधिशेष में पिछले वर्ष की तुलना में ₹368.88 मिलियन अर्थात् 302.58 प्रतिशत की वृद्धि हुई तथा यह पिछले वर्ष के ₹121.91 मिलियन की तुलना में ₹490.79 मिलियन हो गया। यह वृद्धि प्रमुख रूप से निवेशों में निवेशों के मूल्यह्रास के रूप में ₹174.17 मिलियन के प्रतिलेखन के कारण हुई ।

(ग) समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सामान्य निधि में कर-पूर्व राजस्व अधिशेष पिछले वर्ष के ₹218.38 मिलियन के राजस्व अधिशेष की तुलना में बढ़कर ₹377.07 मिलियन रहा। यह वृद्धि प्रमुख रूप से निवेशों में निवेशों के मूल्यह्रास के रूप में ₹193.23 मिलियन (पिछले वर्ष के ₹85.03 मिलियन) के उच्च प्रतिलेखन और प्रतिभूतियों की बिक्री/ मोचन पर ₹83.03 मिलियन (पिछले वर्ष के ₹158.30 मिलियन) की कम हानि के कारण हुई है।

3.3 संचित अधिशेष

31 मार्च, 2015 की स्थिति के अनुसार निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा सामान्य निधि (जीएफ) में संचित अधिशेष / रिज़र्व (कर के बाद) क्रमश: ₹452,458.59 मिलियन (₹355,495.85 मिलियन), ₹3,863.89 मिलियन (₹3,539.92 मिलियन) तथा ₹4,906.29 मिलियन (₹4,657.39 मिलियन) था।

3.4 निवेश

वर्ष के अंत में तीनों निधियों अर्थात् निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा सामान्य निधि (जीएफ) में निवेशों का बही मूल्य (लागत पर) क्रमश: ₹521,388.81 मिलियन (₹444,775.61 मिलियन), ₹4,393.47 मिलियन (₹4,200.63 मिलियन) और ₹5,646.64 मिलियन (₹5,559.99 मिलियन) रहा है। 31 मार्च, 2015 को उक्त तीनों निधियों की दिनांकित प्रतिभूतियों का संचित मूल्यह्रास क्रमश: ₹2,926.06 मिलियन(₹26,747.25 मिलियन); ₹411.19 मिलियन(₹585.36 मिलियन) तथा ₹188.24 मिलियन (₹381.48 मिलियन) था। निवेशों के मूल्यह्रास के प्रतिलेखन के कारण निवेश रिज़र्व में गिरावट आई है।

3.5 कराधान

3.5.1 आयकर

31 मार्च, 2015 की स्थिति के अनुसार निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा सामान्य निधि (जीएफ) के अग्रिम आयकर खाते में संचित शेष क्रमश: ₹111,985.18 मिलियन (₹108,880.77 मिलियन), ₹378.14 मिलियन (₹375.38 मिलियन) और ₹448.62 मिलियन (₹365.90 मिलियन) है। इसी तारीख को निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा सामान्य निधि (जीएफ) के कराधान खाते में प्रावधान के लिए संचित शेष क्रमश: ₹109,030.11 मिलियन (₹98,987.92 मिलियन); ₹328.53 मिलियन (₹279.92 मिलियन) तथा ₹332.11 मिलियन (₹258.46 मिलियन) था।

3.5.2 सेवाकर

भारत सरकार ने निगम द्वारा एकत्रित प्रीमियम पर सितंबर 2011 से सेवाकर लगाया है। निगम ने यह कहते हुए सरकार को एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया था कि निगम पर सेवाकर नहीं लगाया जाना चाहिए। इस संबंध में मार्च 2012 में अंतिम स्पष्टीकरण यह प्राप्त हुआ कि निगम सेवाकर अदा करने के लिए बाध्य है। तदनुसार सेवाकर संबंधी पंजीकरण कराया गया तथा निगम ने 1 अक्तूबर, 2011 से देय प्रीमियम पर सेवाकर अदा करना प्रारंभ कर दिया है। सरकार को अदा किए गए अधिक सेवाकर की राशि को सेवाकर वापसी योग्य (रिफंडेबल) खाते में प्रदर्शित किया गया है। सेवाकर विभाग से वित्तीय वर्ष 2011-12 और उससे आगे की अवधि के लिए वापसी योग्य कुल राशि ₹1115.54 मिलियन रही। विभाग द्वारा उसमें से कुल ₹494.70 मिलियन की राशि अर्थात् की गयी ब्याज मांग (₹384.80 मिलियन) तथा ₹109.90 मिलियन की

[1] कोष्टक में दिए गए आँकडे पिछले वर्ष के हैं।

वापसी दावे की अस्वीकृति को समायोजित किया गया है। इन पर अपील की गयी है। 18 अप्रैल 2015 को ₹338.24 मिलियन की राशि प्राप्त हुई है और ₹267.31 मिलियन की वापसी का अनुरोध किया गया है।

भाग IV: खजाना परिचालन

4.1 डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 25 के अनुसार निगम अपनी अधिशेष (सरप्लस) राशि को केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश करता है। 31 मार्च, 2015 को निगम के निवेश पोर्टफोलियो का कुल आकार ₹531.43 बिलियन रहा। इस प्रकार इसमें पिछले वर्ष की तुलना में ₹76.89 बिलियन (16.92 प्रतिशत) की कुल वृद्धि प्रदर्शित हुई। वर्ष के दौरान पोर्टफोलियों प्राप्तियाँ 17.37 प्रतिशत रही। प्राप्तियों का एक बड़ा हिस्सा पोर्टफोलियों में वृद्धि का था। वृद्धि को समायोजित करते हुए प्राप्तियों की राशि 8.81 प्रतिशत है।

4.2 केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों का मूल्यांकन भारतीय नियत आय मुद्रा बाज़ार और व्युत्पन्नीसंघ (फिम्डा) द्वारा प्रकाशित मॉडल मूल्यों के आधार पर किया जाता है। यद्यपि मूल्यवृद्धि (ऐप्रीसिएशन) को नजरंदाज कर दिया गया है तथापि मूल्यह्रास के लिए पूरी तरह प्रावधान किया गया है तथा इसे निवेश आरक्षित निधि (आईआर) के अंतर्गत बुक किया गया है। 31 मार्च, 2015 को निवेश आरक्षित निधि (आईआर) का शेष (बैलेंस) ₹3.53 बिलियन था। साथ ही, निगम बाजार जोखिम से बचाव के लिए निवेश उतार-चढ़ाव आरक्षित निधि(आईएफआर) अनुरक्षित करता है। 31 मार्च, 2015 की स्थिति के अनुसार निवेश उतार-चढ़ाव आरक्षित निधि (आईएफआर) के जोखिम मूल्य (वीएआर)(₹11.37 बिलियन) और मानकीकृत अवधि पद्धति (₹22.70 बिलियन) दोनों से परिकलित बाजार जोखिम की मात्रा 31 मार्च, 2014 की स्थिति के अनुसार निवेश उतार-चढ़ाव आरक्षित निधि (आईएफआर) से उच्चतर होने के कारण ₹28.96 बिलियन की राशि अनुरक्षित थी।

भाग V: संगठनात्मक मामले

5.1 निदेशक मंडल

निगम की सामान्य निगरानी, निदेश तथा कार्यों और कारोबार का प्रबंधन निदेशक बोर्ड में निहित है, जो सभी अधिकारों का प्रयोग करता है और ऐसे सभी कार्य व कारोबार करता है,जो निगम कर सकता है।

5.1.1 निबीप्रगानि सामान्य विनियमावली, 1961 के विनियम 6 के अनुसार निगम के निदेशक बोर्ड से अपेक्षित है कि वह सामान्यत: प्रति तिमाही एक बैठक करे। 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के दौरान बोर्ड की चार बैठकें आयोजित की गईं।

5.1.2 निदेशकों का नामांकन/सेवानिवृत्ति

गवर्नर महोदय ने उप गवर्नर श्री आर गांधी को 21 नवंबर 2014 से निगम के निदेशक मंडल के अध्यक्ष के रूप में नामित किया है। श्री आर रामचंद्रन को निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(डी) के अधीन 19 सितंबर 2014 से निगम के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में नियुक्त किया है। श्री एच.एन.प्रसाद को निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(ई) के अधीन 7 जनवरी 2015 से निगम के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में नियुक्त किया है।

निगम के निदेशक मंडल में निदेशक तथा लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष के रूप में श्री कमलेश विकमसे का कार्यकाल पूर्ण होने पर वे 4 सितंबर 2014 को सेवानिवृत्त हुए। प्रो. जी. शिवकुमार निगम के निदेशक मंडल में निदेशक की पद से 19 सितंबर 2014 को सेवानिवृत्त हुए और श्री बी.एल.पटवर्धन निगम के निदेशक मंडल में निदेशक तथा लेखापरीक्षा समिति के सदस्य के रूप में 11 अक्तूबर 2014 को सेवानिवृत्त हुए।

5.2 बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति

बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति का निम्नानुसार पुनर्गठन हुआ:

1.	डॉ. हर्ष कुमार भानवाला	अध्यक्ष
2.	डॉ. शशांक सक्सेना	भारत सरकार द्वारा नामिती निदेशक
3.	श्री आर.रामचंद्रन	निदेशक
4.	श्री जसबीर सिंह	निदेशक

31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के दौरान बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति की चार बैठकें आयोजित की गईं।

5.2.1 सूचना प्रौद्योगिकी समिति

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) संबंधी स्वीकरण एवं विकास के

लिए दिसंबर 2011 में एक समिति का गठन किया गया था। 31 मार्च 2015 को जिसकी संरचना निम्नानुसार है :

1.	प्रो. जी.शिवकुमार	अध्यक्ष
2.	श्री कमलेश विकमसे	सदस्य
3.	श्री जसबीर सिंह	सदस्य
4.	श्री संजोय सेठी	सदस्य
5.	श्री पी.पार्थसारथी	आमंत्रित

31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के दौरान आईटी समिति की चार बैठकें आयोजित की गईं।

5.3 आंतरिक नियंत्रण

5.3.1 बजट नियंत्रण

निगम ने अपने राजस्व और व्यय पर नियंत्रण के लिए अपनी तीन निधियों, अर्थात् निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) और सामान्य निधि (जीएफ) के अंतर्गत नियंत्रण प्रणाली स्थापित की है। निगम द्वारा निक्षेप बीमा निधि और सामान्य निधि के अंतर्गत व्यय का वार्षिक बज़ट तैयार किया जाता है, जो विविध मानदंडों पर आधारित है जैसे कि बीमाकृत बैंकों का लाईसेंस रद्द करना/परिसमापन करना, स्टाफ और स्थापना से संबंधित भुगतान आदि। प्रत्येक लेखा वर्ष के पूर्व बजट को बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाता है। तीनों निधियों के अंतर्गत होने वाली प्राप्तियाँ अर्थात् प्रीमियम प्राप्तियाँ, वसूलियाँ और निवेश आय से संबंधी अनुमानों को भी बजट में सम्मिलित किया जाता है। बज़ट किए गए व्यय और प्राप्तियों की तुलना में वास्तविक व्यय/प्राप्ति की हर तिमाही में समीक्षा की जाती है। बोर्ड के समक्ष छमाही समीक्षा भी प्रस्तुत की जाती है।

5.3.2 भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा (आरबीआईए))

भारतीय रिज़र्व बैंक के निरीक्षण विभाग ने 17 जून 2013 से 3 जुलाई 2013 तक निगम का जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) 2013 का आयोजन किया। लेखापरीक्षा रिपोर्ट में निगम द्वारा किए जा रहे कार्य के साथ-साथ सूचना प्रणाली के संबंध में टिप्पणी थी। लेखापरीक्षा रिपोर्ट में केवल उच्च (एच),मध्यम(एम),निम्न (एल) और सकारात्मक स्थिति (एपी) से संबंधित टिप्पणियों को शामिल किया गया था। जोखिम आधारित लेखापरीक्षा के 54 पैराग्राफों को कार्यात्मक श्रेणी में और 11 पैराग्राफों को सूचना प्रणाली से संबंधित श्रेणी में रखा गया। कार्यात्मक क्षेत्र और सूचना प्रणाली से संबंधित लेखापरीक्षा के सभी पैराग्राफों का अनुपालन किया गया। प्रसंगवश 9 अप्रैल 2015 से 23 अप्रैल 2015 तक निगम का जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) 2015 का आयोजन किया गया। लेखापरीक्षा रिपोर्ट में 11 पैराग्राफों को निम्न(एल) जोखिम और 15 पैराग्राफों को मध्यम(एम) जोखिम की श्रेणी में रखा गया है।

5.3.3 समवर्ती लेखापरीक्षा

निगम ने अपने सभी परिचालनों के लिए वर्ष 2004-05 से सनदी लेखाकार की एक फर्म द्वारा समवर्ती लेखापरीक्षा (ऑनसाइट) की प्रणाली प्रारंभ की है। लेखापरीक्षा के मासिक निष्कर्ष बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाते हैं। मेसर्स जैन चौधरी एण्ड सन्स को वर्ष 2015-16 के लिए निगम के समवर्ती लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

5.3.4 नियंत्रण और स्वमूल्यांकन लेखापरीक्षा (सीएसएए)

निगम ने अतिरिक्त रूप से एक नियंत्रण स्वमूल्यांकन लेखापरीक्षा (सीएसएए) फॉर्मेट (समकक्ष समीक्षा) प्रारंभ की है, जिसके द्वारा निगम के अधिकारियों से अपेक्षित है कि वे ऐसे क्षेत्रों में,जिनसे वे कार्यकारी तौर पर संबद्ध नहीं हैं, की लेखापरीक्षा जाँच करें और महाप्रबंधक को इस की रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

5.4 प्रशिक्षण और कौशल विकास

अपने मानव संसाधन कौशल को अद्यतन रखने हेतु निगम अपने स्टाफ को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सेमिनारों, सम्मेलनों और कार्यशालाओं के लिए प्रतिनियुक्त करता है। इन कार्यक्रमों को मुख्यत:भारतीय रिज़र्व बैंक के विभिन्न प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों, भारत और विदेश में विख्यात प्रशिक्षण संस्थानों, अंतर्राष्ट्रीय निक्षेप बीमाकर्ता संघ (आईएडीआई) और अन्य विदेशी निक्षेप बीमा संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जाते हैं। 2014-15 के दौरान 47 अधिकारी, 19 श्रेणी III के स्टाफ और 8 श्रेणी IV के स्टाफ सहित कुल 74

कर्मचारियों को भारतीय रिज़र्व बैंक के विभिन्न प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों और भारत में बाह्य प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रतिनियुक्त किया गया। इसके आलावा अंतर्राष्ट्रीय निक्षेप बीमाकर्ता संघ (आईएडीआई) तथा अन्य निक्षेप बीमा संस्थाओं द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम / सम्मेलन में भाग लेने के लिए 8 अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया।

5.5 स्टाफ संख्या

निगम में मुख्य वित्तीय अधिकारी(सीएफओ)को छोड़कर संपूर्ण स्टाफ भारतीय रिज़र्व बैंक से प्रतिनियुक्ति पर है। सीएफओ को 30 मई 2014 से तीन वर्ष की संविदा नियुक्ति पर लिया गया है। निगम के कुल स्टाफ की संख्या 31 मार्च, 2014 के 79 की तुलना में 31 मार्च, 2015 को 81 हो गई है। उनका श्रेणीवार विवरण निम्नलिखित है :

कुल स्टाफ में, श्रेणी I में 65.43 प्रतिशत, श्रेणी III में 18.51 प्रतिशत और शेष 16.04 प्रतिशत श्रेणी IV में था। 31 मार्च, 2015 की स्थिति के अनुसार कुल स्टाफ में 18.51 प्रतिशत अनुसूचित जाति और 7.40 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति का है (सारिणी 7)।

सारिणी 7: स्टाफ की श्रेणी-वार स्थिति

श्रेणी	संख्या	जिसमें		प्रतिशत %	
		अजा	अजजा	अजा	अजजा
1	2	3	4	5	6
श्रेणी I	53	10	05	18.86	9.43
श्रेणी III	15	01	-	6.66	-
श्रेणी IV	13	04	01	30.76	7.69
कुल	81	15	06	18.51	7.40

अजा -अनसूचित जाति अजजा - अनुसूचित जनजाति

5.6 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

भारत सरकार ने जून 2005 को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 अधिनियमित किया। यह अधिनियम 12 अक्तूबर, 2005 से लागू हुआ। अधिनियम में परिभाषित सार्वजनिक प्राधिकरण होने के नाते निगम जनता को जानकारी प्रदान करने के लिए बाध्य है। वर्ष 2014-15 के दौरान कुल 35 अनुरोधों का निपटान किया गया जिसमें से 3 मामलों को अपीलीय प्राधिकारी के अंतर्गत निपटाया गया।

5.7 हिंदी का प्रगामी प्रयोग

वर्ष 2014-15 के दौरान, निगम ने हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने का अपना प्रयास जारी रखा। निगम द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है। निगम के प्रधान कार्यालय को राजभाषा नियमावली 1976 के नियम 10(4) के अंतर्गत अधिसूचित किया गया है। निगम हिंदी के प्रयोग संबंधी तिमाही प्रगति रिपोर्ट तैयार करता है। निगम प्रतिवर्ष सितम्बर महीने में "हिंदी पखवाड़ा" का भी आयोजन करता है। सितम्बर 2014 के दूसरे सप्ताह से आयोजित "हिंदी पखवाड़ा" में प्रतियोगिताओं सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए और हिंदी दिवस का समापन समारोह कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। निगम के दैनिक कार्यकलाप में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने और उसकी निगरानी के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति की नियमित तिमाही बैठकें होती हैं।

5.8 निगम में ग्राहक सेवा कक्ष

निगम एक सार्वजनिक संस्था है और इस का मुख्य कार्य विफल हुई बीमाकृत बैंकों के जमाकर्ताओं के दावों का निपटान करना है। निगम के विरुद्ध जनता से प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निपटान करने के लिए निगम में एक ग्राहक सेवा कक्ष स्थापित किया गया है।

5.9 आईएडीआई में भूमिका

5.9.1 निगम ने आईएडीआई में अपनी सदस्यता जारी रखी है। कार्यपालक निदेशक आईएडीआई के अंतर्गत कार्यपालक समिति जो एक निर्णय लेनेवाली और कार्यान्वयन इकाई है,उसके सदस्य (चुनाव द्वारा) है। श्री जसबीर सिंह, कार्यपालक निदेशक ने अक्तूबर 2014 के दौरान पोर्ट आफ स्पैन , त्रिनीदाद में संपन्न आईएडीआई की वार्षिक सामान्य बैठक तथा वार्षिक सम्मेलन में भाग लिया। साथ ही जून तथा अक्तूबर 2014 और मार्च 2015 को आयोजित कार्यपालक काउन्सील समिति की बैठकों में भी भाग लिया।

5.9.2 निगम आईएडीआई को उनके द्वारा आयोजित सर्वेक्षणों में भाग लेकर सहयोग प्रदान करता रहा है।

5.10 लेखापरीक्षक

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 29(1) के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक के से मेसर्स रे एंड रे, सनदी लेखाकार, कोलकाता को वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए निगम के लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया।

परिचालनात्मक दक्षता बनाए रखने के लिए बोर्ड निगम के स्टाफ द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करता है।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

मुंबई

दिनांक:24 जून, 2015

(रा. गांधी)
अध्यक्ष

संलग्नक I

निक्षेप बीमा योजना के अंतर्गत सम्मिलित बैंकों की संख्या

वर्ष/अवधि	वर्ष/अवधि के प्रारंभ में	वर्ष/अवधि के दौरान पंजीकृत	वर्ष/अवधिके दौरान ऐसे विपंजीकृत बैंक, जहाँ निगम की देयता			वर्ष/अवधि के अंत में (2+3-6)
			विद्यमान	विद्यमान नहीं	कुल (4+5)	
1	2	3	4	5	6	7
2014-15	2,145	5	14	7	21	2,129
2013-14	2,167	7	16	13	29	2,145
2012-13	2,199	12	12	32	44	2,167
2011-12	2,217	7	11	14	25	2,199
2010-11	2,249	3	22	13	35	2,217
2009-10	2,307	10	26	42	68	2,249
2008-09	2,356	13	33	29	62	2,307
2007-08	2,392	10	18	28	46	2,356
2006-07	2,531	46	24	161	185	2,392
2005-06	2,547	3	17	2	19	2,531
2004-05	2,595	3	47	4	51	2,547
2003-04	2,629	9	39	4	43	2,595
2002-03	2,715	10	29	7	36	2,629*
2001-02	2,728	15	18	10	28	2,715
2000-01	2,676	62	9	1	10	2,728
1999-2000	2,583	103	8	2	10	2,676
1998-99	2,438	149	4	0	4	2,583
1997-98	2,296	145	1	2	3	2,438
1996-97	2,122	176	1	1	2	2,296
1995-96	2,025	99	1	1	2	2,122
1994-95	1,990	36	0	1	1	2,025
1993-94	1,931	63	1	3	4	1,990
1992-93	1,931	3	2	1	3	1,931
1991-92	1,922	14	2	3	5	1,931
1990-91	1,921	8	5	2	7	1,922
1986 से 1990	1,837	102	8	10	18	1,921
1981 से 1985	1,582	280	8	17	25	1,837
1976 से 1980	611	995	9	15	24	1,582
1971 से 1975	83	544	0	16	16	611
1966 से 1970	109	1	5	22	27	83
1963 से 1965	276	1	7	161	168	109
1962	287	0	2	9	11	276

* पिछले वर्षों में 60 बैंक विपंजीकृत किए गए परंतु उन्हें संबंधित वर्षों में नहीं गिना गया।

संलग्नक - II

ए. बीमाकृत बैंक - श्रेणीवार

वर्ष (माह मार्च की समाप्ति पर)	बीमाकृत बैंकों की संख्या				
	वाणिज्यिक बैंक	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	स्थानीय क्षेत्र बैंक	सहकारी बैंक	कुल
2014-15	92	56	4	1,977	2,129
2013-14	89	58	4	1,994	2,145
2012-13	89	67	4	2,007	2,167
2011-12	87	82	4	2,026	2,199

आरआरबी: क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एलएबी: स्थानीय क्षेत्रों के बैंक

बी. बीमाकृत सहकारी बैंक - राज्यवार
(मार्च 2015 के अंत की स्थिति के अनुसार)

क्रम सं.	राज्य / संघशासित क्षेत्र	शीर्ष	केंद्रीय	प्राथमिक	कुल
1	आंध्र प्रदेश	1	22	101	124
2	असम	1	0	8	9
3	अरुणांचल प्रदेश	1	0	0	1
4	बिहार	1	22	4	27
5	छत्तीसगढ़	1	6	12	19
6	गोवा	1	0	6	7
7	गुजरात	1	18	226	245
8	हरियाणा	1	19	7	27
9	हिमांचल प्रदेश	1	2	5	8
10	जम्मू और कश्मीर	1	3	4	8
11	झारखंड	0	8	2	10
